Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की



बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर एवं उत्तराखंड में प्रसारित

पीएम मोदी बोले- कोई भी कानून नागरिकों पर बोझ......०१ | Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in | सीएम ममता बनर्जी बोलीं- प्रधानमंत्री मोदी मांफी मांगे.....०१

वर्षः ०३ अंकः 144 | बदायूं, बुधवार १० दिसंबर 2025 | पृष्ठ- ०८ | मूल्य- 4.०० रूपये

# पीएम बोले- कोई भी कानून नागरिकों पर बोझ न बने

## सरकारी सुधारों से जीवन आसान होना चाहिए

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आज संसद परिसर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल दलों के सांसदों की बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में सभी सांसदों ने सामूहिक रूप से पीएम मोदी को सम्मानित किया।

एनडीए संसदीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश अब पूर्ण रूप से सुधार एक्सप्रेस के दौर में है, जहां सुधार तेजी से और साफ इरादे से हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि सरकार के सुधार पूरी तरह से नागरिक-केंद्रित हैं, यह केवल आर्थिक या राजस्व-केंद्रित नहीं है।



सूत्रों के अनुसार, इसका लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की मुश्किलों को दूर करना है ताकि वे अपनी पूरी क्षमता से विकास कर सकें। प्रधानमंत्री ने सांसदों से आग्रह किया कि वे आम लोगों की वास्तविक समस्याओं को सक्रिय रूप से साझा करें, ताकि सुधार एक्सप्रेस हर घर तक पहुंच सके और रोजमर्रा की मुश्किलों को दूर कर सके। सूत्रों ने बताया कि मोदी ने यह भी कहा कि वह 3०-4० पेज के फॉर्म और अनावश्यक कागजी कार्रवाई की संस्कृति को समाप्त करना चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों के दरवाजे पर सेवाएं उपलब्ध कराने और बार-बार डेटा जमा करने की आवश्यकता को समाप्त करने की जरूरत है।

एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने जानकारी दी। उन्होंने कहा, आज की बैठक में बिहार चुनावों में एनडीए की जीत के लिए सभी एनडीए नेताओं ने पीएम मोदी को बधाई दी। पीएम मोदी ने सभी एनडीए सांसदों को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिए काम करने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने जनता के जीवन को आसान बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में सुधार करने पर जोर दिया कि उन्हें कोई समस्या न हो। पीएम ने कहा कि कानूनों से लोगों की मदद होनी चाहिए। उन्होंने सांसदों से युवाओं से जुड़ने का आह्वान किया।

मोदी का हवाला देते हुए रिजिजू ने कहा कि नियम और कानून व्यवस्था सुधार के लिए होने चाहिए, लोगों को परेशान करने के लिए नहीं और ऐसा कोई कानून नहीं होना चाहिए जो लोगों को बिना किसी कारण के परेशान करे। उन्होंने कहा, ष्अब हम इस दिशा में काम करेंगे। केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और नगर पालिकाओं एवं पंचायतों जैसी स्थानीय स्वशासी संस्थाएं, सभी को इस दिशा में काम करना चाहिए...

इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी संसद के चालू शीतकालीन सत्र के दौरान समन्वय को मजबूत करने, सहभागिता बढ़ाने और सदन की रणनीति को कारगर बनाने के प्रयासों के तहत 11 दिसंबर को सभी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सांसदों के लिए एक विशेष रात्रिभोज की मेजबानी करने की संभावना है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, प्रस्तावित रात्रिभोज बैठक का उद्देश्य गठबंधन सहयोगियों के बीच विचारों के खुले और रचनात्मक आदान-प्रदान के लिए एक मंच तैयार करना है।

# वंदे मातरम पर राज्यसभा में घमासान

## प्रिंयका के बंगाल चुनाव वाले बयान के बाद शाह-खरगे आमने-सामने

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में वंदे मातरम् के मुद्दे पर मंगलवार को राज्यसभा में जोरदार राजनीतिक टकराव देखने को मिला। प्रियंका गांधी के आरोपों के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे खुलकर आमने-सामने आ गए। शाह ने बिना नाम लिए कहा कि जो लोग वंदे मातरम चर्चा को बंगाल चुनावों से जोड़ रहे हैं, उन्हें अपनी समझ पर फिर से सोचना चाहिए।

गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि वंदे मातरम को पश्चिम बंगाल चुनाव से जोड़ना गलत समझ है। उन्होंने कहा कि यह चर्चा राजनीतिक फायदे के लिए नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना को समझने के लिए है। इसके साथ ही उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू पर आरोप लगाया कि 1937 में उन्होंने





कविता की केवल दो छंद अपनाकर इसे विभाजित किया। शाह ने इसे तुष्टीकरण की राजनीति की शुरुआत बताया, जिसने आगे चलकर देश के विभाजन का रास्ता खोला।

शाह ने कहा वंदे मातरम पर चर्चा की जरूरत आज भी उतनी ही जरूरी है, जब यह गीत लिखा गया था, आजादी की लड़ाई के दौरान और 2०47 में भी जब विकसित भारत बनेगा। उन्होंने कहा कि यह गीत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने बंगाल में लिखा था,लेकिन यह पूरे देश में फैल गया और भारत की आजादी की लड़ाई का नारा बन गया।

गौरतलब है कि प्रियंका गांधी ने सोमवार को लोकसभा में कहा था कि नेहरू जी की विरासत पर एक बार में पूरा संवाद होना चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी लगातार उनकी आलोचना करते हैं। इस पर शाह ने कहा हम सदन में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं। अमित शाह के बयान के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने संबोधन में प्रियंका गांधी के बयान का समर्थन किया।

## एक नजर

### संसद में चुनाव सुधार पर बोले अखिलेश यादव

**नई दिल्ली।** लोकसभा में चुनाव सुधारों पर बोलते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि ष्चुनाव बैलेट पेपर से होने चाहिए, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के इस्तेमाल पर कई सवाल उठ रहे हैं। लोकसभा में चुनाव सुधारों पर बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अभी तक राज्य में चल रहे एसआईआर प्रोसेस के दौरान 1० बीएलओ की जान जा चुकी है। हम मांग करते हैं कि मरने वाले बीएलओ के परिवारों को एक करोड़ रुपये की एक्स-ग्रेसिया रकम दी जाए और मरने वाले के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

### यूपी परिवहन निगम के ड्राइवर-कंडक्टरों का बढ़ा वेतन

**लखनऊ।** रोडवेज में संविदा चालकों/परिचालकों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई है। इन्हें 14 से सात पैसे प्रति किलोमीटर अतिरिक्त मानदेय मिलेगा। पुनरीक्षित दर से मानदेय का भुगतान परिवहन निगम द्वारा एक जनवरी 2०26 से किया जाएगा। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि नोएडा क्षेत्र, एनसीआर क्षेत्र, सौनोली, सिद्धार्थनगर एवं महाराजगंज डिपो के संविदा चालकों/परिचालकों को औसतन 2.18 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से मानदेय मिलता है, जिसे बढ़ाकर 2.28 रुपये प्रति किलोमीटर किया गया है। अन्य क्षेत्रों के संविदा चालक/परिचालक के मानदेय सात पैसे प्रति किमी की बढ़ोत्तरी की गई है। योजना में चालकों को दो वर्ष की निरंतर सेवा एवं परिचालकों को चार वर्ष की निरंतर सेवा जरूरी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए वित्तीय वर्ष में उन्हें 288 दिन की डयूटी एवं 66००० किलोमीटर की दूरी पूरी करनी होगी। ऐसे में चालक के लिए पारिश्रमिक 14687, प्रोत्साहन 4००० यानी कुल करीब 18687 रुपये मिलेंगे। परिचालक को पारिश्रमिक 14418, प्रोत्साहन 4००० मिलेगा।

# सीएम योगी बोले- युवाओं के स्केल को स्किल से जोड़ रही सरकार, मानव संसाधन का हब बनेगा यूपी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे युवा राज्य है। यहां के युवा अत्यंत प्रतिभाशाली हैं। इनकी प्रतिभा की मांग देश और दुनिया के कई देशों में है। युवाओं को प्रशिक्षण से जोड़कर प्रदेश को देश और दुनिया के लिए कुशल मानव संसाधन का हब बनाया जाएगा।




सीएम योगी मंगलवार दोपहर बाद गोरखपुर के पिपरौली ब्लॉक क्षेत्र के नरकटहा में नवनिर्मित राजकीय आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस आईटीआई का निर्माण पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) फंड से 18 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया है।

इसका संचालन प्रदेश सरकार की तरफ से कराया जाएगा। आईटीआई के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि आबादी के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां 55 से 6० फीसदी आबादी कामकाजी यानी युवा है। इस हिसाब से यह सौभाग्य भी है कि यूपी देश का सबसे युवा राज्य है। यहां युवाओं की स्केल है और इस स्केल को स्किल से जोड़ना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को उद्योगों की डिमांड के अनुरूप ट्रेड में ट्रेंड कर रही है। इसके लिए गीडा में नाइलिट की शाखा के माध्यम से ट्रेनिंग दी जा रही है। इससे कैम्पस सलेक्शन के जरिये यहां के उद्योगों में ही युवाओं का समायोजन होगा। उन्होंने कहा कि पावरग्रिड की तरफसे बने आईटीआई में भी उद्योगों की मांग के अनुरूप ट्रेडों में युवाओं को स्किल्ड बनाया जाएगा।

सीएम योगी ने कहा कि सरकार टाटा टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर डेढ़ सौ से अधिक आईटीआई को अत्याधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने का कार्य कर रही है। नौजवानों को आईटीआई में दीर्घकालिक और अल्पकालिक, दो प्रकार की प्रशिक्षण योजनाओं से जोड़कर आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। दीर्घकालिक योजना में इलेक्ट्रिक व्हीकल, एडवांस्ड सीएनसी मशीन, इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफथिंग्स, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग, थ्री डी प्रिंटिंग का प्रशिक्षण युवाओं को दिया जा रहा है।

## सीएम योगी ने बदल दी यूपी की दशा और दिशाः प्रदीप शुक्ला



**लखनऊ।** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में यूपी का जितना विकास हुआ है वह अकल्पनीय है। उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनकर सर्वोत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। उनके नेतृत्व में चौतरफा विकास से प्रदेश की दिशा और दशा बदल गई है। कहा कि सीएम योगी के मार्गदर्शन में सहजनवा में इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग के साथ शिक्षा क्षेत्र का भी सतत विस्तार हुआ है। लोकार्पण समारोह को पावरग्रिड उत्तरी क्षेत्र तृतीय के कार्यपालक निदेशक युगेश कुमार दीक्षित ने भी संबोधित किया।

राजकीय आईटीआई के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन कराया। उन्हें गोद में लेकर दुलारा और खिलौने, चॉकलेट दिए। मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट व उपहार देकर गोदभराई भी की।

# पीएम मोदी माफी मांगें, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को बंकिम दा कहकर उनका अपमान किया

## सीएम ममता बनर्जी हुई आक्रामक

**कोलकत्ता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी की मांग की। बनर्जी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को बंकिम दा कहकर उनका अपमान किया है।



कूच बिहार जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री का तब जन्म भी नहीं हुआ था, जब देश को आजादी मिली। लेकिन फिर भी उन्होंने बंगाल के सबसे बड़े सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक को इतने साधारण तरीके से संबोधित किया। उन्होंने कहा, आपने (पीएम मोदी) उन्हें वह न्यूनतम सम्मान भी नहीं दिया जिसके वह हकदार हैं। आपको इसके लिए राष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए। इसके अलावा भी सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार से मदद नहीं लेने की बात भी कही। उन्होंने कहा, हमें केंद्र सरकार से कोई मदद नहीं चाहिए। बंगाल सरकार सभी योजनाएं खुद चला रही है। एक दिन पहले केंद्र ने राज्य को नोटिस भेजकर तिमाही लेबर बजट का ब्यौरा मांगा है। छह दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया, लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि आपके नोटिस की कोई अहमियत नहीं है। दरअसल, पूरा विवाद उस वक्त शुरू हुआ, जब सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 15० वर्ष पूरे होने पर हुई चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने लेखक का जिक्र किया। टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने दा शब्द के प्रयोग पर आपत्ति जताई और प्रधानमंत्री से बंकिम बाबू कहने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने तुरंत उनकी भावना स्वीकार करते हुए कहा, मैं बंकिम बाबू कहूंगा। धन्यवाद, मैं आपकी भावनाओं का सम्मान करता हूं। इसके बाद हल्के अंदाज में पीएम ने पूछा कि क्या वह अब रॉय को भी दादा कह सकते हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए ममता बनर्जी ने दावा किया कि अगर पार्टी बंगाल में सत्ता में आती है तो वह राज्य की संस्कृति, भाषा और विरासत को नष्ट कर देगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया के बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होते ही राज्य में विधानसभा चुनाव घोषित कर दिए जाएंगे, ताकि कोई इसे अदालत में चुनौती न दे सके।

# राहुल गांधी बोले-चुनाव आयोग के जरिए लोकतंत्र खत्म करना चाहती है भाजपा

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र में मंगलवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी चुनाव सुधारों पर हो रही चर्चा में शामिल हुए। चर्चा के दौरान खादी पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि, देश के पहनावे में देश की झलक दिखती है। खादी देश की भावना है। हमारा देश 15० करोड़ लोगों से बना है। देश के सारे धागे एक जैसे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस सभी संस्थाओं पर कब्जा करना चाहता है। नाथूराम गोडसे ने गांधी को मारा। यह असहज करने वाला सत्य है।

चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान सदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि 3० जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की छाती में तीन गोलियां लगीं। नाथूराम गोडसे ने हमारे



राष्ट्रपिता की हत्या कर दी। आज हमारे दोस्तों ने उन्हें दूर धकेल दिया है। वह एक असहज सच्चाई हैं, लेकिन प्रोजेक्ट यहीं खत्म नहीं हुआ। जैसा कि मैंने कहा, सब कुछ वोट से निकला है। सभी संस्थाएं वोट से निकली हैं। इसलिए यह साफ है कि आरएसएस को उन सभी संस्थाओं पर कब्जा करना होगा जो वहां से निकली हैं।

राहुल गांधी ने कहा, सभी जानते हैं कि कैसे भारत के विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलरों की नियुक्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे कोई मतलब नहीं है कि व्यक्ति की योग्यता क्या है, बस उसकी एक योग्यता है कि वह संघ से जुड़ा हो। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी से कहा कि आप चुनाव सुधार पर ही बोलिए, किसी संगठन का नाम मत लीजिए। राहुल के बायन पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम सभी लोग नेता प्रतिपक्ष को सुनने के लिए ही बैठे हैं। अगर वह विषय पर ही नहीं बोलेंगे, तो क्यों समय खराब कर रहे हैं सबका। सत्ता पक्ष के हंगामे पर राहुल गांधी ने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। शिक्षण संस्थाओं पर कब्जा किया गया है। सीबीआई, ईडी पर भी एक संस्था से जुड़े लोगों ने कब्जा किया गया है। तीसरी संस्था चुनाव आयोग पर भी एक संस्था का कब्जा है, जो देश में चुनाव को नियंत्रित करती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है। सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाया गया। एक तरफ पीएम मोदी और अमित शाह बैठे थे और दूसरी तरफमैं। किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया। दिसंबर 2०23 में नियम बदल यह प्रावधान किया कि किसी भी चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता। यह 2०24 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले किया गया। सीसीटीवी और डेटा को लेकर नियम बदले गए। सत्ता के साथ चुनाव आयोग का तालमेल है। यह डेटा का सवाल नहीं, चुनाव का सवाल है। हरियाणा की वोटर लिस्ट में एक ब्राजीलियन महिला की फोटो 22 बार छपी।

राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग को कंट्रोल करने का क्या मतलब है? वह तस्वीरें यहां नहीं दिखाना चाहता, लेकिन यह चुनाव की चोरी का सवाल है। चुनाव आयोग को घेरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में एसआईआर के बाद वोटर लिस्ट में एक लाख 22 हजार डुप्लीकेट फोटो छपी हैं।

## वंदे मातरम पर मौलाना मदनी बोले-मरना स्वीकार लेकिन शिर्क नहीं

**सहारपुर।** संसद में वंदे मातरम् पर हुई बहस पर जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हमें किसी के वंदे मातरम पढ़ने या गाने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन हम यह बात फिर से स्पष्ट करना चाहते हैं कि मुसलमान केवल एक अल्लाह की इबादत करता है और अपनी इस इबादत में किसी दूसरे को शरीक नहीं कर सकता। मौलाना अरशद मदनी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा की वंदे मातरम की कुछ पंक्तियां ऐसे धार्मिक विचारों पर आधारित हैं जो इस्लामी आस्था के खिलाफहैं। विशेष रूप से इसकी चार पंक्तियों में देश को दुर्गा माता जैसे देवी के रूप में प्रस्तुत किया गया है और उसकी पूजा के शब्द प्रयोग किए गए हैं, जो किसी मुसलमान की बुनियादी आस्था के विरुद्ध हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25) और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 19) देता है। इन अधिकारों के अनुसार किसी भी नागरिक को उसके धार्मिक विश्वास के विरुद्ध किसी नारे, गीत या विचार को अपनाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। मौलाना मदनी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का भी यह स्पष्ट फैसला है कि किसी भी नागरिक को राष्ट्रगान या ऐसा कोई गीत गाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

# आगरा नगर निगम में फर्जीवाड़े का खुलासा

## फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र पर कंपनी को दिया करोड़ों का टेंडर




**आगरा।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार रोकने के लिए उत्तर प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की नीति लागू की है। लेकिन आगरा नगर निगम में कंपनी व निगम के अधिकारियों की जुगलबंदी से करोड़ों के खेल किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नगर निगम में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र पर एक फर्म को करोड़ों रुपये के टेंडर देने का मामला उजागर होने से नगरनिगम में खलबली मची हुई है। पूरा मामला नगर निगम की ओर से एमएनटी निर्माण कार्य को करीब 3.87 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया था. जिसमें कई फर्मों ने भाग लिया।लेकिन आगरा की जिस फर्म को यह टेंडर मिला है। उस पर सवाल उठ रहे है। शिकायतकर्ता ने फर्म के खिलाफ आईजीआरएस पर शिकायत की। जिसमें फर्म के लगाए अनुभव प्रमाण पत्र को फर्जी बताया है। अनुभव प्रमाण पत्र में फर्रुखाबाद जिले के दो कार्यों नगला पंचम में शिव मंदिर तक जाने वाले रास्ते और लिंक गलियों का सीसी निर्माण और जिला पंचायत फर्रुखाबाद में नगला बहादुर में बरात घर का निर्माण करने का अनुभव दिखाया गया था.आईजीआरएस पर की गई शिकायत में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत फर्रुखाबाद ने डीएम को लिखे पत्र में जानकारी दी है कि उक्त दोनों निर्माण जिला पंचायत ने नहीं कराए हैं।दोनों ही प्रकरण जिला पंचायत से संबंधित नहीं हैं। इसके बाद भी नगर निगम अधिकारियों ने बिना सत्यापन किए ही फर्म को टेंडर दे दिया।जब मामला उजागर हुआ तो नगर निगम के निर्माण विभाग में हड़कंप मच गया। आगरा नगर निगम का फर्जी मामलों से पुराना नाता रहा है पहले भी ऐसे कई प्रकरण प्रकाश में आ चुके हैं,जिसमें कई फर्मों पर कार्रवाई भी हुई है। इसके बाद जांच ठंडे बस्ते में है। महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने पहले ही संज्ञान लेते हुए आगरा नगर निगम में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने और काम पाने के प्रकरण पर जांच करके फर्म के खिलाफकार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। बाबजूद बड़ी संख्या में फर्मों की होने वाली जांच अधर में लटकी हुई है।

आगरा नगर निगम के नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया में कूटरचित दस्तावेजों का मामला प्रकाश में आया है.जिसे गंभीरता से लिया गया है.उसकी जांच कराई जा रही है।यदि फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र पाए गए तो टेंडर निरस्त करके संबंधित फर्म के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# टूरिस्ट बस ने ऑटो में मारी टक्कर,दो सवारियों की मौत और पांच घायल



**आगरा।** आगरा के फतेहाबाद रोड पर एक टूरिस्ट बस ने ऑटो में टक्कर मार दी,जिसमें फतेहाबाद रोड पर एक तेज रफ्तार बस ने मंगलवार सुबह ऑटो में टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो सवार दो लोगों की मौत हो गई और पांच सवारियां घायल हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से जानकारी ली।पुलिस के अनुसार टूरिस्ट बस आगरा से बटेश्वर के लिए जा रही थी कि नवामील के पास फतेहाबाद की ओर से आ रहे ऑटो में टक्कर मारी है। इस हादसे के बाद गंभीर रूप से पांच घायल यात्रियों को एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने जाम लगा दिया। जानकारी मिलने पर बमरौली कटारा के साथ ही आसपास के थानों का पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया। करीब आधा घंटे तक फतेहाबाद रोड पर यातायात बाधित रहा। पुलिस मृतकों की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। पुलिस के अनुसार बस दमन के बंसल ट्रैवल्स की है। बस को कब्जे में ले लिया गया है और मौके से फरार चालक की तलाश की तलाश में जुटी है।

# आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तीन कारें आपस में भिड़ीं, चार घायल



**आगरा।** आगरा -लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार की सुबह हुए एक हादसे में तीन कारें आपस में टकरा गईं और चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। यह हादसा फतेहाबाद क्षेत्र में एक्सप्रेस वे के किलोमीटर 18 माइल स्टोन के पास हुआ। एक्सप्रेसवे पर कार्यदायी संस्था एटलस द्वारा रखरखाव का कार्य किया जा रहा है। संस्था ने सड़क को वन-वे किया है। सड़क पर खाली ड्रम रखे गए हैं। इसी संकरे रास्ते पर सुबह तीन कारें आपस में भिड़ गईं। इनमें से दो कारों में सवार चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए वाहनों की रफ्तार थम गई। सूचना मिलते ही यूपीडा की टीम फतेहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव शुरू कर दिया। चारों गम्भीर घायलों को एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया गया।

# कार चला रहे टीचर का हेलमेट न लगाने का किया चालान, अब हेलमेट लगाकर चला रहे कार



**आगरा।** आगरा ट्रैफिक पुलिस की लचर व्यवस्था पर एक टीचर ने हेलमेट लगाकर कार चला ट्रैफिक पुलिस को कटाक्ष किया है। कार सवार टीचर ने बताया कि उनकी कार के नंबर पर एक चालान कटा है।

जिसमें ट्रैफिक पुलिस ने हेलमेट न लगाकर कार चलाने पर चालान काटा है। ये अजीब-ओ-गरीब चालान जयपुर हाउस स्थित सिरकी मंडी निवासी गुलशन केन का काटा है गुलशन पेशे से एक टीचर है जिनकी स्कोडा फाबिया कार नंबर न्8०भ्स3692 है। उन्होंने बताया कि बीते 26 नवंबर को उनकी कार का एक चालान कटा। जिसमें चालान में लिखा है- ड्राइविंग टू-व्हीलर विथआउट हेलमेट।

सोमवार को उन्होंने ऑनलाइन चालान चेक किया था। पुलिस की इस लापरवाही व लचर व्यवस्था से कुंठित टीचर ने सोमवार दोपहर को घर से हेलमेट लगाकर कार चलाते हुए निकले। कार की ड्राइविंग सीट पर हेलमेट लगाए टीचर को हर कोई देख रहा था। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।टीचर गुलशन केन से पूछने पर बताया कि वे इसलिए हेलमेट पहनकर कार चला रहे हैं,ताकि दूसरा से हेलमेट न लगाने पर चालान न कट जाए। उन्होंने कहा कि मैं एक शिक्षक हु और कानून का पालन करने वाला व्यक्ति हूं। उन्होंने बताया कि उनका जो 11०० रुपये का चालान कटा है। वह कार में ड्राइविंग सीट पर बैठे हुए का है। जब बिना हेलमेट चालान कटा है तो हेलमेट लगाकर चलना ही पड़ेगा।

उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि ट्रैफिक पुलिस की इस लापरवाही से कानून की व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो गया है। जिससे आम नागरिकों को इसका खमियाजा भुगतना पड़ता है।

### दबंगों ने युवक को चौराहे पर जमीन पर डाल लात घूसों से पीट

**आगरा।** आगरा के थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के रामबाग चौराहे स्थित एक मिठाई की दुकान पर पूड़ी खाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते 5-6 दबंगों ने एक युवक को जमीन पर डालकर लात घूसों से बड़ी बेहरमी से पीट दिया। मौके पर दुकानदार और जुटी भीड़ ने युवक को दबंगों से छुड़ा कर बचाया और लोगों ने बीच बचाव कराया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# सीएमओं ने कहा कि किसी भी स्थिति में अवैध चिकित्सा गतिविधियों या लापरवाही को सहन नहीं



**अलीगढ़।** जिले में अवैध चिकित्सा प्रैक्टिस एवं बिना मानक सुरक्षा व्यवस्थाओं के की जा रही सर्जरी को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार कठोर अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० नीरज त्यागी ने बताया कि विभाग किसी भी स्थिति में अवैध चिकित्सा गतिविधियों या लापरवाही को सहन नहीं करेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि जिले में गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में अस्पताल पंजीकरण एवं झोलाछाप नियंत्रण के लिए नामित नोडल अधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं।

विगत महीनों में 47 निजी चिकित्सीय इकाईयों का निरीक्षण किया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि मंगलवार को 4 अस्पतालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। निरीक्षण के दौरान जहाँ भी अवैध सर्जरी, बिना पंजीकरण संचालन, या एलोपैथिक योग्यता के विपरीत चिकित्सा पाई गई, वहाँ तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की गई है। कई संदिग्ध इकाईयों को सील किया गया है और कुछ के विरुद्ध सीलिंग की प्रक्रिया प्रचलन में है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० त्यागी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप आमजन को सुरक्षित एवं मानक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है। अवैध चिकित्सा कार्य किसी भी दशा में जारी नहीं रहने दिए जाएंगे और भविष्य में भी ऐसे प्रतिष्ठानों पर इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### राजमिस्त्री की कीटनाशक पीने से मौत

**अलीगढ़।** गांव बांकनेर में राजमिस्त्री ने खेत में बनी झोपड़ी में रखी कीटनाशक दवा पीने से जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बांकनेर निवासी चंद्रपाल (5०) पुत्र दुर्गा प्रसाद राजमिस्त्री का काम करके परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिवार में पत्नी यशोदा, बेटा सोनू, मूला और बेटी आरती हैं। सोनू और आरती की शादी पहले ही हो चुकी है। परिजनों के अनुसार, 4 दिसंबर को छोटे बेटे मूला की शादी हुई थी, जिससे चंद्रपाल काफी खुश थे। सोमवार को भी उन्होंने शराब पी और शाम को खेत पर बनी झोपड़ी में चले गए। सोनू ने बताया कि रात में करीब 8 बजे भोजन के बाद बाबा ओमप्रकाश झोपड़ी की ओर गए। उन्होंने देखा कि चंद्रपाल जमीन पर गिरे हुए थे और उनके मुंह से झाग निकल रहा था। स्थिति गंभीर होने पर परिवार उन्हें तुरंत सीएचसी खैर ले गया। डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# जिलाधिकारी रमेश रंजन ने बूथों के साथ एक बैठक आयोजित की



**फिरोजाबाद।** अंतर्गत चल रहे एसआईआर प्रकिया के तहत किए गए कार्यों के मूल्यांकन हेतु समस्त इस विधानसभा से सम्बन्धित ईआरओ, एईआरओ और सुपरवाइजरों के साथ बूथवार कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में समीक्षा की, खासकर उन सुपरवाइजरों और बीएलओ की जिनकी बीएलओ मैपिंग में प्रगति अत्यंत खराब है, उन सभी सुपरवाइजरों और बीएलओ को चार्जशीट देने की बात जिलाधिकारी ने की, बूथ संख्या, 21, 14, 15, 16, 56, 1०3, 233, 221 की बीएलओ मैपिंग की प्रगति अत्यंत खराब पाई गयी। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया गया कि एईआरओ, (खण्ड शिक्षाधिकारी) ओम प्रकाश अकेला का बीएलओ मैपिंग का कार्य अत्यंत खराब है, जिस पर जिलाधिकारी ने एडीएम नमामि गंगे और नगर मजिस्ट्रेट को लगाकर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि जिन बूथों पर बीएलओ मैपिंग का डाटा अत्यंत खराब स्थिति में है, वहां उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि वह अपनी टीम के साथ बीएलओ मैपिंग का कार्य ठीक कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिन बूथों पर नो मैपिंग का डाटा अधिक है, उसको मैप कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया और जिन सुपरवाइजर व बीएलओ की प्रगति इसमें खराब है, उनको भी चार्जशीट देने हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविन्द द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सहित पाण्डेय सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

### 15 दिसम्बर से गन्ना किसान जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना देंगे

**अलीगढ़।** गन्ना किसानो की एक आवश्यक बैठक राष्ट्रीय सचिव डॉ शैलेन्द्र पाल सिंह के बड़ौला हाजी स्थिति आवास पर हुई जिसमें सभी पदाधिकारियों को आंदोलन के लिए कार्य वितरित किए गए तथा बड़ी संख्या में एकत्रित होकर आंदोलन को सफल बनाने की तैयारी की। जिलाध्यक्ष बंटी जादौन ने कहा कि अलीगढ़ मण्डल में एक मात्र चीनी मिल साथा अलीगढ़ में 3 साल से बन्द है 2०22और 2०24 के चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री भी चीनी मिल के नवीनीकरण की घोषणा कर चुके है लेकिन चीनी मिल नहीं बन रही इसलिए 15 दिसम्बर से जिलाधिकारी कार्यालय पर 3०० से 4०० ट्रैक्टरों के साथ हजारों गन्ना किसान अपने हुक्का बिस्तर के साथ अनिश्चित कालीन डेरा डालेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष अजीत पाल सिंह राघव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह जी भी 15 दिसम्बर से धरने में शामिल होंगे। साथा चीनी मिल संघर्ष मोर्चा एवं किसान मजदूर संगठन अलीगढ़ के प्रत्येक पदाधिकारी को 3०ट्रैक्टर 2००आदमी को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचना है जिससे गन्ना किसानो की आवाज माननीय मुख्यमंत्री जी के कानों तक पहुंच सके।

### एक अभियुक्त को चोरी के सामान सहित किया गया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** अभियुक्त द्वारा सवारियों को गाडी मे बैठाकर दिया जाता था चोरी की घटनाओं को अंजाम अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये गये 3,००,०००६- रूपये नकद, ०2 चौक व चोरी का अन्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध जनपद में चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में आज थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा थाना रसूलपुर पर पूर्व में पंजीकृत अभियोग मु०अ०सं० 562/25 धारा 3०5(ग)/317(2) बीएनएस० की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त अंकित पुत्र भूरी सिंह निवासी जरौली खुर्द थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को अभियुक्त के मकान जरौली खुर्द से गिरफ्तार किया गया है ।

अभियुक्त कि निशान्देही पर अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये गये ०3 लाख रुपये नकद व ०2 चौक, एक कान के बड्स व चोरी का अन्य सामान बरामद किया गया है । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस० की बढोत्तरी कर अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

# अज्ञात शव की पहचान कराने के लिए बुलाया लापता इंस्पेक्टर की मां को



इंस्पेक्टर अनुज कुमार महुआखेड़ा क्षेत्र की प्रभात नगर कॉलोनी में रहते थे। लापरवाही पर इंस्पेक्टर को निलंबित किया गया था। हालांकि

**अलीगढ़।** महुआ खेड़ा से लापता हुए निलंबित इंस्पेक्टर की तलाश के प्रयास में पूरा जोर लगाए हुए है। इसी कड़ी में अब जीआरपी क्षेत्र से लेकर आसपास के जिलों में मिले अज्ञात शवों के जरिये भी उसे तलाशा जा रहा है। इसी क्रम में जीआरपी अलीगढ़ ने दाऊद खां क्षेत्र में मिले एक शव से मिले सामान के सहारे निरीक्षक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके लिए निरीक्षक की मां को नोटिस भेजकर बुलाया गया है। गाजियाबाद के कविनगर क्षेत्र के अवंतिका कॉलोनी निवासी व अलीगढ़ पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर ने एसएसपी के समक्ष अपना पक्ष भी नहीं रखा था। इंस्पेक्टर अनुज कुमार 17 सितंबर को गायब हो गए। मां सुशीला ने इसकी जानकारी पुलिस को देने के साथ ही शासन व हाईकोर्ट स्तर पर शिकायत की। तब उसके गायब होने का मुकदमा दर्ज किया गया। साथ में उस पर 5० हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। आसपास के जिलों में मिले अज्ञात शवों से भी पहचान के प्रयास हो रहे हैं। इसी क्रम में सभी को अनुज का विवरण भेजा गया है। जिसमें उन सामानों का भी उल्लेख है, जो लापता होने के समय उसकी मां के द्वारा अनुज के पास बताए गए थे। इसी क्रम में जीआरपी अलीगढ़ को दाऊद खां के पास अनुज के गायब होने के तीसरे दिन एक शव मिला था। हालांकि उस समय अज्ञात में शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया। मगर सामान सुरक्षित है। मां के द्वारा दिए गए विवरण से सामान का मिलान होता दिख रहा है। जिसके आधार पर जीआरपी ने अनुज की मां को नोटिस के जरिये सूचना भेजी है। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक इतना ही बताते हैं कि यह एक प्रक्रिया है। उस प्रक्रिया के तहत डीसीआरबी से यह प्रयास कराए जा रहे है।

### 17 दिसम्बर को कलैक्ट्रेट सभागार में होगा पेंशन दिवस का आयोजन

**आगरा।** 17 दिसंबर को पेंशन दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष आगरा में बैठक का आयोजन किया गया है,जिसमें पेंशनर्स बन्धु अपनी समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त के परिपेक्ष्य में पेंशनर्स संगठनों द्वारा कार्यालयाध्यक्षों,विभागाध्यक्षों के पूर्व की बैठको में उपस्थित न रहने के कारण अपना असन्तोष व्यक्त किया गया। तथा पेंशनर दिवस में सभी विभागों के जिला स्तर के अधिकारियों (मुख्य चिकित्साधिकारी सहित) उपस्थित रहने की मांग की है।

जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों/विभागाध्यक्षों को आदेशित किया है कि वे उक्तानुसार अपने स्तर से पेंशनरों को सूचित करते हुये स्वयं भी व्यक्तिगत रुप से उक्त निर्धारित बैठक में अनिवार्य रुप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, जिससे पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण कराया जा सके तथा पेंशनर्स दिवस प्रभावकारी एवं सार्थक रुप से आयोजित हो सके।

# 15 दिसम्बर तक करें पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप बुकिंग

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जनपद के समस्त किसानों सूचित किया है कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी.एम.-कुसुम) योजनान्तर्गत सोलर पम्प की बुकिंग हेतु विभागीय पोर्टल 26 नवम्बर 2०25 से खुला हुआ हैं, जो 15 दिसम्बर 2०25 को बंद हो जायेगा।



उन्होंने बताया कि बुकिंग हेतु कृषकों का पंजीकरण कृषि विभाग के वेबसाइट पर होना अनिवार्य है, जिसके अनुदान पर सोलर पम्प हेतु बुकिंग करें लिंक पर क्लिक करके ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। ऑनलाइन बुकिंग के साथ 5००० रुपए टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। पोर्टल पर जनपदवार ०2 एच.पी. एवं ०3 एच.पी. का लक्ष्य सम्मिलित रूप से प्रदर्शित होगा। कृषक अपनी आवश्यकतानुसार सोलर पम्प का चयन कर आगे बढ़ सकते हैं। ०2 एच.पी. हेतु 4 इंच, ०3 एच.पी. एवं ०5 एच.पी. हेतु 6 इंच तथा 7.5 एवं 1० एच.पी. हेतु 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। किसान की स्वयं की बोरिंग होगी। सत्यापन के समय उपयुक्त बोरिंग न पाये जाने पर टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेगी एवं आवेदन निरस्त हो जायेगा। 22 फीट तक ०2 एच.पी. सरफेस पम्प, 5० फीट तक ०2 एच.पी. सबमर्सिबल, 15० फीट तक ०3 एच.पी. सबमर्सिबल, 2०० फीट तक ०5 एच.पी. सबमर्सिबल, 3०० फीट तक की गहराई पर उपलब्ध जलस्तर हेतु 7.5 एवं 1० एच.पी. सबमर्सिबल सोलर पमप उपयुक्त होते है। बुकिंग के उपरान्त यदि लक्ष्य से कम बुकिंग होने पर कृषकों का चयन स्वत: कंफर्म हो जायेगा, परन्तु लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर कृषकों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा। कृषकों द्वारा की गयी बुकिंग को कंफर्म करने के उपरान्त उसका संदेश कृषकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर पहुंच जायेगा। सोलर पम्प पर 6० प्रतिशत का अनुदान देय है तथा 4० प्रतिशत कृषक अंश है। कृषकों की बुकिंग कंफर्म होने के पश्चात निर्धारित अवधि के अन्दर अवशेष कृषक अंश धनराशि का ऑनलाइन टोकन जनरेट कर चालान द्वारा इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में अथवा ऑनलाइन जमा करनी होगी, अन्यथा कृषक का चयन स्वत: निरस्त हो जायेगा तथा टोकन मनी जब्त कर ली जायेगी। जनपद में सिंचाई हेतु विद्युत रहित क्षेत्रों में प्रयोग किये जा रहे डीजल पम्प या अन्य सिंचाई साधनों को सोलर पम्प में परिवर्तित किया जा सकेगा। कृषक द्वारा बैंक से ऋण लेकर कृषक अंश जमा करने पर कृषि अवस्थपना निधि के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा 3 प्रतिशत एवं राज्य सरकार द्वारा 3 प्रतिशत अर्थात कुल 6 प्रतिशत की ब्याज में छूट देने का प्राविधान है। कृषक सोलर पम्प स्थापित होने के पश्चात स्थल परिवर्तन नही करेंगे।

# पत्रकार को धमकी देने वाले मेडिकल संचालक पर अब कार्रवाई नहीं

## पत्रकार जगत में भारी आक्रोश

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** बिनावर थाना क्षेत्र में एक पत्रकार को खुलेआम धमकाने वाले मेडिकल संचालक के खिलाफ पुलिस की ढिलाई ने पूरे पत्रकार समुदाय में रोष की लहर पैदा कर दी है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कदम न उठाया जाना गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।




स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर क्षेत्रीय पत्रकारों ने झोलाछाप डॉक्टरों की अवैध गतिविधियों का भंडाफोड़ करते हुए खबरें प्रकाशित की थीं। इसी से बौखलाए कस्बा बिनावर स्थित न्यू पाल मेडिकल के संचालक मनोज पाल उर्फ मुन्ना ने पत्रकार शिवेंद्र के साथ अभद्रता की और खुले शब्दों में जान से मारने तक की धमकी दे डाली। आरोपी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर झोलाछापों के खिलाफ खबर लिखी, तो उसका अंजाम बेहद बुरा होगा।

धमकी से आहत पत्रकार शिवेंद्र ने तत्काल थाना पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र दिया और ट्विटर के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, एडीजी जोन बरेली तथा जिलाधिकारी बदायूं तक मामले को पहुंचाया। इसके बाद उन्होंने स्वयं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह से उनके आवास पर मिलकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने तत्काल बिनावर थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह को आवश्यक कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश भी जारी किए थे।

लेकिन हैरानी की बात यह है कि आदेश जारी होने के बावजूद तीन दिन तक बिनावर थाना पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। पत्रकार को धमकी देने वाला आरोपी मेडिकल संचालक अब भी बेखौफ घूम रहा है, जबकि पुलिस की निष्क्रियता ने पूरे जिले में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पत्रकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। पत्रकार जगत का कहना है कि यह सिर्फ एक पत्रकार को धमकी देने का मामला नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। मामले में थाना पुलिस की चुप्पी और लापरवाही कहीं न कहीं पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही है।

## सार-संक्षेप

### 16 दिसम्बर को श्री अन्न के प्रति जागरूकता हेतु रोड शो का होगा आयोजन

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यूट्रीसीरियल घटक) 2०25-26 अन्तर्गत जनमानस को मिलेट कार्यक्रमानुसार किया जाना है। श्री अन्न के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से एक जनपद स्तरीय रोड शो का आयोजन 16 दिसम्बर 2०25 दिन मंगलवार, समय पूर्वान्ह 11:०० बजे से किया जाएगा, जो बदायूँ क्लब भामाशाह चौक, ओवर ब्रिज, डा० संतोष सिंह तिराहा, लक्ष्मीबाई चौक (डी०एम० चौराहा) होते हुए ऑडिटोरियम डायट कैम्पस पर सम्पन्न होगा।

### राज्य सलाहकार बोर्ड में धर्मवीर सिंह सदस्य बने



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिसौली।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत गठित राज्य सलाहकार बोर्ड में धर्मवीर सिंह को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। वे दिव्यांगजनों के अधिकार शिक्षा और रोजगार में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। बताया गया है कि वह लंबे समय से समाजसेवा से जुड़े हुए हैं और विशेष रूप से दिव्यांगजनों के अधिकारों, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। धर्मवीर सिंह ने एक वार्ता में कहा कि वह पार्टी और राज्य सलाहकार बोर्ड ने उन्हें जो जिम्मेदारी दिए उसको वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह दिव्यांगों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

### आपातकालीन स्थिति में धैर्य न खोएं, हिम्मत से काम लें युवा: संजीव



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** भारत स्काउट और गाइड संस्था के तत्वावधान में गंगा दीन इंटर कालेज गूरा नवीगंज में भारत स्काउट गाइड संस्था द्वारा आयोजित शिविर के दूसरे दिन बच्चों और शिक्षकों ने खोज के चिन्हों की सहायता से ऐतिहासिक, धार्मिक, दर्शनीय तीर्थ स्थलों की हाईक की। प्राथमिक चिकित्सा, गांठें बंधन, तंबू निर्माण, गैजेट्स, माक ड्रिल, स्काउट गाइड को युद्ध के दौरान कैसे बचें, लोगों को सुरक्षित स्थानों तक कैसे पहुंचाएं और क्या करें और क्या न करें आदि की ट्रेनिंग दी गई। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि युवा आपातकालीन स्थिति में धैर्य न खोएं, हिम्मत से काम लें। स्वयं को तैयार रखें, आवश्यक वस्तुओं को साथ रखें। सायरन बजाने पर घर के अंदर रहें, लाइट बंद रखें। अफवाहों पर ध्यान न दें। केवल आधिकारिक सूचना स्रोतों पर भरोसा करें। मोबाइल फोन पूरी तरह चार्ज रखें। मॉक ड्रिल का अभ्यास बार बार करें। हवाई हमला या बमबारी का अलर्ट हो, तो तुरंत जमीन पर लेट जाए, सिर को ढकें और दीवार या मजबूत चीज के पीछे शरण लें। प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने स्काउट ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग युवाओं में देशभक्ति का जज्बा पैदा करती है। कम संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीना सिखाती है। वरिष्ठ शिक्षक योगेन्द्र तिवारी ने हाईक स्थल का पौराणिक इतिहास बताया। खोज के चिन्हों की सहायता से हाईक ऐतिहासिक सिद्ध बाबा मंदिर पहुंची। वहां बच्चों को आग में फंसे लोगों को निकालने, डूबते हुओं को बचाने, टैंट बनाने, भोजन बनाने के अलावा डाक्टरी गांठ, रीफ नाट, शीट बैंड, फिशरमैन नाट, चेयर नाट का अभ्यास कराया। स्काउट शिक्षक दीपक शर्मा के नेतृत्व में स्काउट गाइड ने माक ड्रिल का अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि अपनी और अपने देश की सुरक्षा के लिए माक ड्रिल का अभ्यास जरूरी है। इस मौके पर अर्जुन सिंह, मु.आमिर खान, दीपक शर्मा, अवधेश कुमार, गोपाल कृष्ण आदि मौजूद रहे।

# महिला ने पड़ोसी को घर बुलाकर बनाया अश्लील वीडियो

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जनपद में एक महिला ने पड़ोसी दुकानदार को अश्लील वीडियो बना लिया। फिर उसे ब्लैकमेल करने लगी। उस पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा दिया। जांच में मामला झूठा निकला। अब पीड़ित ने महिला समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बदायूं में महिला ने पड़ोसी दुकानदार को घर में बुलाकर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। अब महिला पड़ोसी दुकानदार को ब्लैकमेल करते हुए दस लाख रुपये मांग रही है। आरोप है कि महिला के पिता व भाइयों ने पीड़ित दुकानदार को चार दिन घर में बंधक बनाकर रखा। रुपये देने का वायदा कर वह उसके चंगुल से छूटा और दिल्ली चला गया। लौटने पर महिला ने दुष्कर्म सहित अन्य धारा में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। जांच में मामला झूठा निकला। अब एसएसपी के आदेश पर उसावां पुलिस ने महिला समेत छह लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोप है कि नवंबर 2०21 में एक दिन शाम को महिला ने फोन पर कुछ सामान नोट कराया। कहा कि यह सामान लेकर घर आ जाओ। पिछले रुपये के साथ यह रुपये भी ले जाना। दुकान बंद करने के बाद वह सामान लेकर घर पहुंचा और चाची कहते हुए आवाज दी। उसने बाथरूम के अंदर से कहा कि कमरे में बैठो, मैं नहाकर आती हूं। कुछ देर बाद वह कमरे में आई और उसके सामने ही कपड़े बदलने लगी। इसी दौरान महिला ने अश्लील वीडियो बना लिया। महिला वीडियो को आधार बनाकर उसका आर्थिक व शारीरिक शोषण करने लगी। विरोध करने पर महिला के पिता, उसके दो भाई और उसके मौसा व अन्य अन्य उसको दुकान से पकड़कर घर ले गए और चार दिन तक बंधक बनाकर रखा। दस लाख रुपये की मांग की। वह जैसे-तैसे रुपये देने की बात कहकर वहां निकला और दिल्ली चला गया। लौटकर आया तो पता लगा कि उसके खिलाफमहिला ने मुकदमा दर्ज करा दिया है। बाद में मुकदमा खत्म हुआ। अब एसएसपी के आदेश पर ब्लैकमेल करने वाली महिला समेत छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज विवेचना शुरू कर दी है।

# एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाया, संगोष्ठी आयोजित कर दिया स्वच्छता का सन्देश

**बदायूं।** राजकीय महाविद्यालय आवास विकास, बदायूं में 21वीं यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में व्यक्तिगत स्वच्छता, हाइजीन एवं सैनिटाइजेशन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने की तथा संचालन प्रभारी केयर टेकर डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स में व्यक्तिगत स्वच्छता, रोग-निवारण और स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस मौके पर वक्ताओं ने रोजमर्रा के जीवन में साफ-सफाई की आदतों, सैनिटाइजेशन और हैंड वॉश के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने अपने संबोधन में व्यक्तिगत जीवन में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जैसे देश की सुरक्षा में लगे सैन्य बल स्वच्छता अपनाकर अपने स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं, वैसे ही प्रत्येक नागरिक को भी अनुशासित स्वच्छ जीवनशैली अपनानी चाहिए।

# राजकीय महाविद्यालय बदायूं की छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** नगर के आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में अंग्रेजी विभाग और पुस्तकालय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण का नेतृत्व अंग्रेजी विभाग की प्रभारी डॉ. ज्योति बिश्नोई तथा पुस्तकालय प्रवक्ता शशि प्रभा द्वारा किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि करना तथा उनके व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना था।



भ्रमण के दौरान छात्राओं को महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के विभिन्न विभागों का अवलोकन कराया गया। सर्वप्रथम छात्राएं विश्वविद्यालय की भव्य लाइब्रेरी पहुंचीं, जहां उन्हें विविध विषयों से संबंधित पुस्तकों, शोध पत्रों, जर्नल्स व अन्य संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने उन्हें यह भी बताया कि वे अपने प्रोजेक्ट्स व असाइनमेंट्स हेतु शोध सामग्री का उपयोग किस प्रकार कर सकती हैं।

इसके पश्चात छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्थित पांचाल संग्रहालय का भ्रमण किया। यहां उन्होंने विभिन्न प्रकार के जीवाश्म, प्राचीन कलाकृतियों और दुर्लभ ऐतिहासिक नमूनों को देखा। संग्रहालय के अवलोकन ने उन्हें भारत की प्राचीन सभ्यता, संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहर को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्रदान किया। आगे छात्राओं को बॉटनिकल गार्डन ले जाया गया, जहां उन्होंने अनेक प्रकार के दुर्लभ पौधों, वनस्पतियों और जैवदृविविधता के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, पौधों के महत्व तथा जैविक संतुलन को बनाए रखने की आवश्यकता के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। शैक्षिक भ्रमण छात्राओं के लिए एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने उनके आत्मविश्वास, शोध क्षमता और व्यावहारिक समझ में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। कुल 4० छात्राओं जिनमें वैष्णो देवी आदि मौजूद रहे।

# वक्फ संपत्ति रजिस्ट्रेशन की समय सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर शोबी ने सौंपा ज्ञापन

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन हेतु उम्मीद पोर्टल की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने की मांग को लेकर आज फख्रे अहमद शोबी ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को सौंपा।



ज्ञापन में शोबी ने उल्लेख किया कि देश के कई राज्योंकृजैसे गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेशकृमें संबंधित वक्फ बोर्ड के अधिकारियों ने वक्फ न्यायाधिकरण में अपील की, जिसके बाद न्यायाधिकरण ने छह महीने तक रजिस्ट्रेशन की समय सीमा बढ़ा दी है। इसी आधार पर उन्होंने उत्तर प्रदेश में भी अवधि बढ़ाने की आवश्यकता बताई।

फख्रे अहमद शोबी ने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश वक्फ न्यायाधिकरण ने एक निर्णय दिया, जिसमें कहा गया है कि वही लोग अपील कर सकते हैं जिनका उम्मीद पोर्टल पर पहले से रजिस्ट्रेशन है। इसके चलते प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से न्यायाधिकरण जाना पड़ेगा, जो उनके अनुसार पूरी तरह अव्यावहारिक और गैरकानूनी है, क्योंकि वक्फन्यायाधिकरण के पास स्वविवेक से समय सीमा बढ़ाने का अधिकार मौजूद है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मुतवल्लियों को अनावश्यक परेशानियों से बचाने के लिए वक्फबोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को स्वयं न्यायाधिकरण में जाकर रजिस्ट्रेशन की समय सीमा बढ़ाने हेतु याचिका दायर करनी चाहिए। इससे हजारों लोगों को राहत मिलेगी और प्रदेश भर में वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन का कार्य सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा।

# सोनिया गांधी के नेतृत्व में यूपीए दो बार सत्ता में पहुंचा

## प्रधानमंत्री पद ठुकराकर राष्ट्रहित में दिया त्याग का उदाहरण: ओमकार

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज परशुराम चौक स्थित बीएलए-1 शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी गई तथा बीएलए-1 ओमकार सिंह और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर के नेतृत्व में जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएलए-1 ओमकार सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी ने अपने नेतृत्व में यूपीए को लगातार दो बार केंद्र की सत्ता में पहुंचाया। इसके बावजूद उन्होंने प्रधानमंत्री पद स्वीकार करने से इनकार कर राष्ट्रहित में त्याग और विनम्रता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 1998 में सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बनीं और उनके नेतृत्व में पार्टी ने 2००4 व 2००9 के लोकसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज की। दोनों अवसरों पर उनके पास देश की सर्वोच्च कुर्सी संभालने का अवसर था, लेकिन उन्होंने इसे ठुकराकर डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाया, जो उनकी अद्वितीय निर्णय क्षमता और उच्च राजनीतिक संस्कार को दर्शाता है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर ने भी सोनिया गांधी के नेतृत्व और योगदान को याद करते हुए कहा कि पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने व देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने हमेशा संगठन को प्राथमिकता दी और सत्ता से ऊपर देशहित को रखा। गोष्ठी में विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सूरजपाल सोलंकी, एससी-एसटी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुनेंद्र कनौजिया, शहर उपाध्यक्ष रफत अली, शहर कांग्रेस सचिव सितारा बी सहित कई पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से विचार व्यक्त किए। गोष्ठी का संचालन जिला उपाध्यक्ष नरेश पाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम के उपरांत महिला व पुरुष कांग्रेसजनों की संयुक्त टीम ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। इस दौरान शहर महासचिव योगेंद्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अशोक कुमार कश्यप, शहर उपाध्यक्ष हरीश कश्यप, महासचिव अनिल कुमार शर्मा, अफसर अली, प्रेमपाल, राजेंद्र कुमार, एहसान मियां, शहजाद अली सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



### 11 दिसम्बर को होगा जिला स्तरीय शिविर का आयोजन

**बदायूं।** अग्रणी जिला प्रबन्धक रिकेश रंजन जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय क्षेत्र मे अनक्लेम्ड एसेट्स के सुगम और त्वरित निपटान के लिए जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 11 दिसम्बर 2०25 को गुरुद्वारा हाल जोगीपुरा निकट शक्ति टेंट हाउस बदायूँ मे किया जाना है, जिसमे ग्राहको के अनक्लेम्ड जमा धनराशि का निपटान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर मे सभी वित्तीय संस्थानो (बैंक, बीमा कंपनी व एएमसी) की सहभागिता होगी ताकि जनपद वासी अपनी अनक्लेम्ड जमा धनराशि की जानकारी सुगमता पूर्वक प्राप्त कर इसका निपटान करा सकें।

## संपादकीय

# प्रदूषक पदार्थों से बढ़ी चिंता



पिछले कुछ वर्षों में भूजल पर भारत की निर्भरता और बढ़ गई है। देश में लगभग 85 प्रतिशत ग्रामीण परिवार अभी भी पेय जल के स्रोत के रूप में इसी पर निर्भर हैं और सिंचाई से जुड़े लगभग दो-तिहाई कार्य जलभृतों से पूरे होते हैं। भूजल का इस्तेमाल लगातार बढ़ने के साथ ही उसकी गुणवत्ता भी बिगड़ती जा रही है जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य, कृषि और जल सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है।

केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा जारी वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि संकट अब कुछ राज्यों या प्रदूषक पदार्थों तक सीमित नहीं है। भारत अब अनेक प्रदूषकों के साथ आपात स्थिति का सामना कर रहा है और देश के कई क्षेत्रों में नाइट्रेट, फ्लोराइड, आर्सेनिक, यूरेनियम, लवणता और भारी धातुओं के लिए निर्धारित सुरक्षित सीमा पार हो गई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि देश के उत्तरी राज्यों एवं क्षेत्रों में यूरेनियम की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के जिलों में यूरेनियम स्वीकार्य 30 पार्ट्स पर बिलियन सीमा से बहुत अधिक हो गया है। यूरेनियम का यह खतरनाक स्तर सबसे अधिक पंजाब में देखा गया है जहां मॉनसून से पहले के 53.04 प्रतिशत नमूनों और मॉनसून के बाद के 62.50 प्रतिशत नमूनों में इसकी मात्रा स्वीकार्य सीमा से अधिक पाई गई। इसके साथ ही नाइट्रेट की मात्रा भी अधिक हो गई है जो अक्सर उर्वरक के अत्यधिक उपयोग और खेतों से रसायनयुक्त पानी के बहकर जल स्रोतों तक पहुंचने का नतीजा है। रिपोर्ट में लगभग 20 प्रतिशत नमूनों में नाइट्रेट सीमा से अधिक है और लगभग 8 प्रतिशत में बीआईएस मानक से ऊपर फ्लोराइड है।

इस तरह का संदूषण प्राकृतिक और मानवजनित कारकों दोनों से उत्पन्न होता है। राजस्थान या पंजाब के कुछ हिस्सों में भूगर्भीय संरचनाएं ऐसी हैं कि भूजल स्तर गिरने पर फ्लोराइड या यूरेनियम की मात्रा बढ़ने लगती हैं। औद्योगिक अपशिष्ट, अनियमित खनन और अनुपचारित सीवेज तेजी से उन हिस्सों में पानी की गुणवत्ता खराब कर रहे हैं जहां शहरों एवं संबंधित व्यवस्था का विकास तेजी से हो रहा है। अपर्याप्त अपशिष्ट प्रबंधन के कारण शहरी जलभृतों में सूक्ष्मजीव संदूषण अधिक रहता है। उक्त रिपोर्ट में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि संदूषक पदार्थों की सूची में कई गांव एक साथ नजर आते हैं जो जलभृत स्तर में क्षरण का संकेत देते हैं। इसके गंभीर नतीजे सामने आ सकते हैं। लाखों लोग जो जल के लिए बोरवेल पर निर्भर हैं, उनमें फ्लोरोसिस, नाइट्रेट विषाक्तता, आर्सेनिक से संबंधित बीमारियां और भारी धातुओं और यूरेनियम से जुड़े दीर्घकालिक कैंसर का खतरा अधिक रहता है। कृषि पर इसका प्रभाव भी उतना ही चिंताजनक है। दूषित भूजल न केवल उपज कम करता है बल्कि खाद्य श्रृंखला में विषाक्त पदार्थों के प्रदूषित होने का खतरा भी बढ़ा देता है।

तमिलनाडु में छतों पर वर्षा जल संचयन से संबंधित कानून या पश्चिम बंगाल में आर्सेनिक-शमन जैसे राज्य-स्तरीय प्रयास अपर्याप्त हैं। इस संकट से निपटने के लिए एक सुसंगत राष्ट्रीय भूजल स्वास्थ्य मिशन की आवश्यकता है। फसल विविधीकरण, उर्वरकों के नियंत्रित इस्तेमाल और मिट्टी में नमी संरक्षण जैसे कृषि जल उपाय किए जा सकते हैं। अधिक संदूषण का संकट झेल रहे गांवों के लिए विकेंद्रीकृत निस्पंदन प्रणाली जैसे सामुदायिक-स्तर पर आरओ और आयन-एक्सचेंज इकाइयां आदि को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। शहरी क्षेत्रों में सख्त सीवेज उपचार मानकों, रिसाव का पता लगाने वाली प्रणालियों और औद्योगिक निर्वहन निगरानी की आवश्यकता होती है। पाइप से जलापूर्ति, पीने योग्य पानी के कियोस्क और वास्तविक समय पर गुणवत्ता पर नजर रखने जैसे उपायों के माध्यम से सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। दूषित पदार्थों में स्पष्ट क्षेत्रीय भिन्नता के मद्देनजर स्थानीय भूजल प्रबंधन भी आवश्यक है। स्थानीय सरकारों को जल भूविज्ञान आकलन करने, जल-सुरक्षा योजनाएं बनाने और जलभृत पुनर्भरण संरचनाओं का प्रबंधन करने में सक्षम बनाकर सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा मिल सकता है। बेतरतीब ढंग से जल निष्कर्षण रोकने के लिए भूमि स्वामित्व से अलग एक स्पष्ट रूप से परिभाषित भूजल अधिकारों की तरफ कदम बढ़ना भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है।


**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्म्द राशिद
- उप संपादक : जहाँगीर भारती

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**

**पिन कोड-243601**

*Email- amarbhashkar21@gmail.com*

*Whatsapp. No. 9411214614*


# पुतिन की भारत यात्रा ने दिखाया रणनीतिक स्वायत्तता का दम



यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की पहली भारत यात्रा की हर तरफ चर्चा हुई। इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच एक ऐसे रिश्ते की मजबूती का प्रदर्शन किया है जो तेजी से बदलते भू-राजनीतिक हालात और मौजूदा परिस्थितियों में भी अडिग रहा है जबकि भारत और रूस दोनों ही अमेरिका के दबाव से गुजर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वयं पुतिन की अगवानी करना और एक ही वाहन में दोनों नेताओं का प्रधानमंत्री आवास पहुंचना, दोनों देशों के रिश्तों की गर्मजोशी को दर्शाता है। राष्ट्रपति भवन में भी पुतिन का जोरदार स्वागत किया गया। ये तमाम बातें भारत-रूस संबंधों में पिछले कई दशकों से चली आ रही स्थिरता परिलक्षित करती हैं। मगर बड़ा प्रश्न यह है कि क्या पुतिन की यह भारत यात्रा वाकई किसी ठोस लाभ में तब्दील हो पाई?

रूस इस समय एक साथ कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। पश्चिमी देश पुतिन को दरकिनार करने में लगे हैं और उनका देश बढ़ते आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। यूक्रेन पर शांति वार्ता भी जटिल दौर से गुजर रही है। मगर इन सब के बीच भारत जैसे मजबूत एशियाई देश की यात्रा पुतिन और रूस दोनों के लिए एक बड़ी ताकत का संचार करने वाली है। रूस से तेल खरीदने के फैसले के परिणामस्वरूप अमेरिकी शुल्कों का सामना कर रहा भारत भी अमेरिका के साथ अपने बिगड़े संबंध साधने में जुटा है। मगर भारत ने पुतिन की इस यात्रा को वैश्विक मामलों में अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के तौर पर पेश किया।

मोदी का यह बयान कि भारत तटस्थ नहीं है बल्कि शांति के पक्ष में है, शायद यूक्रेन में पुतिन की कार्रवाई की एक अप्रत्यक्ष आलोचना है। इसके अलावा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करना इस संदेश को और मजबूती से रेखांकित करता है।

मगर इस रणनीतिक स्वायत्तता की असली परीक्षा अभी होनी बाकी है। पहली बात यह कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता अभी कोई शक्ल नहीं ले पाया है। दूसरी तरफ ट्रंप प्रशासन चीन के साथ लगातार बातचीत कर रहा है जबकि वह रूस के साथ उसके गहरे आर्थिक संबंधों से अच्छी तरफ वाकिफ है। दूसरी बात यह है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की स्थिति थोड़ी कमजोर होती दिख रही है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत यात्रा करने की योजना रद्द कर दी है। भारत को इस साल चार देशों के 'क्वाड' शिखर सम्मेलन की मेजबानी करनी थी।

# नियम पालन में तंत्रगत नाकामी उजागर



1 इंडिगो में उत्पन्न संकट उस बड़ी उथल-पुथल को दर्शाता है जो कंपनी क्षेत्र में बड़ी समस्याओं का कारण रही है। किंगफिशर एयरलाइंस से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर लीजिंग ऐंड फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड तक में मचे बवाल की जड़ भी इसी से जुड़ी हुई है। इनमें कई स्तरों पर सामूहिक विफलता खुलकर सामने आई हैं। इससे भारतीय कंपनी संचालन ढांचे में व्याप्त खामियां उजागर होती हैं। इंडिगो ने समय सीमा के पालन के दबाव और ऊंची लागत से जूझते विमानन क्षेत्र में ऊंची उड़ान भरी और मुनाफा भी खूब कमाया। मौजूदा संकट शुरू होने से पहले कंपनी प्रतिदिन 700 गंतव्यों के लिए 2,700 से अधिक उड़ानें संचालित करती थी।

अन्य अधिसूचित विमानन कंपनियों के साथ इंडिगो को भी पिछले साल जनवरी में नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अधिसूचित उन्नत उड़ान कार्य समय सीमा नियमों के अनुरूप पायलट भर्ती कार्यक्रम संचालित करने के लिए एक वर्ष से अधिक समय मिला था। परिचालन के लिहाज से नए एफडीटीएल नियम वर्ष 2025 में किसी भी विमानन कंपनी के लिए एक महत्त्वपूर्ण निर्देश थे जिनके साथ तालमेल बैठाना उसके लिए अनिवार्य था। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार इंडिगो की 2023-24 और 2024-25 की सालाना रिपोर्ट में नए नियमों का कहीं उल्लेख नहीं था। न ही ये नियम इस विमानन कंपनी की जोखिम प्रबंधन रिपोर्ट में ही शामिल थे। इसका सीधा मतलब तो यही निकाला जा सकता है कि इंडिगो इन नए नियमों से उत्पन्न होने वाली परिचालन चुनौतियों का अंदाजा नहीं लगा पाई और न ही उनके लिए पर्याप्त रूप से तैयारी ही की। इस पूरे प्रकरण से इंडिगो की बुनियादी कार्य क्षमताओं पर सवाल उठता है।

इस विफलता से व्यापार एवं उद्योग जगत की नामी हस्तियों वाले इंडिगो बोर्ड की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठते हैं। इंडिगो के बोर्ड में भारतीय वायु सेना के एक पूर्व प्रमुख, अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन के एक पूर्व प्रमुख, एक अमेरिकी विमानन कंपनी के वर्तमान मुख्य परिचालन अधिकारी, शेल के एक पूर्व मुख्य कार्याधिकारी और भारतीय प्रतिभूति बाजार नियामक के पूर्व अध्यक्ष जैसी बड़ी हस्तियां शामिल हैं। इंडिगो का कहना है कि उसके बोर्ड ने संकट शुरू होने के दिन से ही पूरे घटनाक्रम की निगरानी के लिए एक संकट प्रबंधन समूह का गठन किया। मगर आश्चर्य की बात यह है कि बड़े शूरमाओं खासकर विमानन उद्योग से ताल्लुक रखने वाले लोगों से खचाखच भरे कंपनी के बोर्ड ने अपने कर्तव्यों का पालन करने और संकट शुरू होने से पहले नए एफडीटीएल नियमों को लेकर प्रबंधन की योजनाओं पर सवाल उठाने की जहमत नहीं की। इंडिगो संकट डीजीसीए को भी कठघड़े में खड़ा करता है। ऐसी खबरें हैं कि सरकार इस विमानन कंपनी के बोर्ड का पुनर्गठन चाह रही है जो लगातार कई दिनों से चले आ रहे विमानन क्षेत्र में इस संकट के प्रति उसकी चिंता को दर्शाती है। संसद में नागर विमानन मंत्री ने कहा कि डीजीसीए इस बात की निगरानी कर रहा था कि विमानन कंपनियां नए एफडीटीएल नियमों का अनुपालन कर रही हैं या नहीं। मंत्री ने कहा कि 1 दिसंबर तक भी इंडिगो ने कोई मुद्दा नहीं उठाया था।

# प्रयागराज में काव्यांगन का भव्य वार्षिकोत्सव होगा सम्पन्न




हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित राष्ट्रीय संस्था काव्यांगन अपना द्वि-दिवसीय वार्षिकोत्सव 2025 इस वर्ष प्रयागराज में 13 और 14 दिसम्बर को स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एलनगंज में भव्य रूप से आयोजित कर रही है। पूरे देश से आगंतुक साहित्यकारों, कवियों एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में दो दिनों तक विविध काव्य गोष्ठियों, साहित्यिक सत्रों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन होगा। इस अवसर पर काव्यांगन का सामूहिक नव-संकलित काव्य-संग्रह 'अब चले आओ' तथा काव्यांगन की सक्रिय सदस्या और कवयित्री प्रतिमा पाठक के द्वितीय एकल काव्य-संग्रह 'ऋचायन' (शब्दों में बहती जीवनधारा) का लोकार्पण भी सम्पन्न होगा। काव्यांगन संचालन समिति ने सभी साहित्यप्रेमियों का स्वागत करते हुए आग्रह किया है कि वे इस भव्य साहित्यिक पर्व में सम्मिलित होकर हिंदी साहित्य की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने में सहभागी बनें।

## खेल-खिलाड़ी

# सनी लियोन की फोटो क्यों पोस्ट की अश्विन ने?

**5 नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन एक बार फिर सोशल मीडिया पर छा गए। इस बार वजह बना उनका एक पोस्ट, जिसमें उन्होंने बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी की तस्वीर शेयर की। उनके इस पोस्ट ने फैंस को चौंका दिया और कुछ मिनटों में ही यह वायरल हो गया।

पोस्ट में एक तरफ सनी लियोनी की तस्वीर थी और दूसरी तरफ चेन्नई की साधू स्ट्रीट की फोटो। पहले नजर में इसे समझना मुश्किल था, लेकिन कुछ फैंस ने तुरंत इसका अर्थ खोज निकाला। असल में, अश्विन यह पोस्ट तमिलनाडु के युवा ऑलराउंडर सनी संधू को मजाकिया तरीके से शाउटआउट देने के लिए कर रहे थे। सनी संधू ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दमदार प्रदर्शन करते हुए,

सुर्खियां बटोरी थीं। सौराष्ट्र के खिलाफ मैच में संधू ने सिर्फ नौ गेंदों में 30 रन ठोक दिए और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उनके इस प्रदर्शन के बाद, अश्विन ने मजाकिया अंदाज में उन्हें सनी नाम को सनी लियोनी से जोड़कर दर्शाया। सनी संधू अब



आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन के लिए रजिस्टर हो चुके हैं और उनका बेस प्राइस 30 लाख रुपये है। अश्विन के इस पोस्ट के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ऑक्शन से पहले उनकी चर्चा और बढ़ सकती है। आइए देखते हैं सोशल मीडिया पर इस पोस्ट को लेकर क्या क्या चर्चाएं हुईं। इस मैच में तमिलनाडु की शुरुआत कमजोर रही थी, जब जयदेव उनादकट और चेतन सकारिया ने टीम को 29/3 पर ला दिया था। लेकिन साई सुदर्शन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 55 गेंदों में नाबाद 101 रन बनाए और टीम को वापसी दिलाई।

उनके साथ सनी संधू की साझेदारी ने मैच पलट दिया। टूर्नामेंट के सुपर लीग चरण में टीमें अब दो समूहों में बंटेंगी और फाइनल 18 दिसंबर, पुणे में खेला जाएगा।

# किस उम्र के कितने खिलाड़ी, कौन सबसे उम्रदराज, कौन सबसे युवा?

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के लिए 16 दिसंबर को मिनी नीलामी होगी। इस साल 18 साल से लेकर 39 साल की उम्र तक के खिलाड़ी ऑक्शन में उतर रहे हैं। कुल 350 खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा हैं, जिसमें से अधिकतम 77 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी, क्योंकि 10 फ्रेंचाइजी के पास कुल मिलाकर इतने ही स्लॉट्स खाली हैं। इनमें से 31 स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। भारत समेत 10 देश के खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा हैं।

ऐसे में 10 टीमों के बीच खिलाड़ियों को खरीदने की होड़ देखने लायक होगी। मिनी नीलामी में 21 से 30 साल के खिलाड़ियों की संख्या सबसे ज्यादा है। इस आयु वर्ग के खिलाड़ियों की संख्या 72 प्रतिशत है। इसके बाद 31 से 39 साल के खिलाड़ियों की संख्या है। ऐसे खिलाड़ी 20 प्रतिशत हैं।

वहीं, 18 से 200 साल के आठ प्रतिशत हैं। इस नीलामी में 18 साल के तीन खिलाड़ी हैं। इनमें अफगानिस्तान के वाहिदुल्लाह जादरान और भारत के साहिल परख और आर.एस अम्ब्रिश शामिल हैं। तीनों का बेस प्राइस 30 लाख रुपये है। जादरान की उम्र फिलहाल 18 साल 13 दिन की है और वह इस नीलामी में उतरने वाले सबसे युवा खिलाड़ी



होंगे। वहीं, अम्ब्रिश की उम्र फिलहाल 18 साल 6 महीने और 11 दिन, जबकि साहिल की उम्र 18 साल 6 महीने और दो दिन है। वहीं, नीलामी में 19 साल की उम्र के 12 खिलाड़ी हैं। इनमें भारत के 10 खिलाड़ी हैं। वहीं, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका का एक-एक खिलाड़ी हैं।

इंग्लैंड के युवा क्रिकेटर डेनिएल लेटेगन और दक्षिण अफ्रीका के बयांडा मजोला इस बार नीलामी का हिस्सा होंगे। वहीं, भारत के 19 वर्षीय खिलाड़ियों में कार्तिक शर्मा, सात्विक देसवाल, सिद्धार्थ जून, अहमद इमरान, एरॉन वर्गीज, नमन पुष्पक, विहान मल्होत्रा, खिलन पटेल, कनिष्क चौहान और शुभम राणा शामिल हैं।

वहीं, भारत के दिग्गज ऑलराउंडर 39 साल के जलज सक्सेन भी नीलामी में उतरेंगे। वह इस नीलामी में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। एंडरसन ने अपना बेस प्राइस 40 लाख रुपये रखा है। सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों में जलज के अलावा 38 वर्षीय कर्ण शर्मा, उमेश यादव और इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन भी नीलामी में उतरेंगे। कर्ण दिग्गज लेग स्पिनर हैं, जबकि उमेश तेज गेंदबाज हैं। ग्लीसन भी तेज गेंदबाजी करते हैं। ये चार इस बार नीलामी में उतरने वाले चार सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। कर्ण का बेस प्राइस 50 लाख रुपये है, जबकि उमेश का बेस प्राइस 1.5 करोड़ रुपये है। ग्लीसन ने अपना बेस प्राइस 70 लाख रुपये रखा है। सबसे बड़ा रिजर्व प्राइस 2 करोड़ रुपये का है और 40 खिलाड़ियों ने यही ब्रैकेट चुना है। इसके अलावा 1.5 करोड़ की बेस प्राइस वाले नौ खिलाड़ी हैं, जबकि 1.25 करोड़ की बेस प्राइस वाले चार और एक करोड़ रुपये की बेस प्राइस वाले 17 खिलाड़ी हैं।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में वार्षिक उत्सव

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**रामपुर।** नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण के साथ हुआ।

इसके बाद सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया। कॉलेज की छात्राओं ने विविधता में एकता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रदेशों के नृत्य प्रस्तुत किए। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत अरुणाचल प्रदेश का नृत्य विशेष रूप से सराहा गया। छात्राओं ने शिक्षाप्रद नाटकों का भी मंचन किया। जनपदीय खेल प्रतियोगिता में चौंपियनशिप जीतने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, वाद-विवाद प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन ममता गुप्ता ने किया, जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य वंदना शर्मा ने की।



छात्राओं में पहली बार वार्षिक उत्सव मनाने को लेकर काफी उत्साह देखा गया। इस आयोजन में शबनम जहां उस्मानी, सीमा तलत, मीनाक्षी, सुमन, बारिशा, ज्योति, निधि, डोली, चांदनी, नविता, अर्चना, तरुण, रामशरण, सपना, अमित और संजय सहित कई शिक्षकों और कर्मचारियों ने सहयोग किया।

## बुलेट बाइक चोरी होटल के सामने से हुई वारदात

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर में एक बुलेट मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। मोहल्ला हाकिमान निवासी नितिन पुत्र चंद्रपाल की बाइक बीते शुक्रवार को होटल सेवन सीज के सामने से अज्ञात चोरों ने चुरा ली। यह घटना शाम करीब ०5 बजे हुई, जब नितिन की बुलेट मोटरसाइकिल होटल के सामने खड़ी थी। अज्ञात चोरों ने मौका पाकर बाइक चुरा ली और फरार हो गए। नितिन ने अपनी बाइक की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकला

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पति समेत पांच ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, जान से मारने की कोशिश करने और घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता इल्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें देवर पर छेड़छाड़ का भी आरोप है।

इल्मा की शादी लगभग तीन माह पूर्व मोहल्ला खटपुर निवासी अरवाज पुत्र फिरासत के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। इल्मा के परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे। वे आए दिन कम दहेज लाने का ताना देते थे, गाली-गलौज करते और मारपीट करते थे। उन्होंने इल्मा से दहेज में एक बलेनो कार



और पांच लाख रुपये नकद लाने की मांग की। शिकायत के अनुसार, लगभग 15 दिन पहले पति अरवाज, देवर अहद, सास मुन्नी, ससुर फिरासत और ननद विजरा उर्फशब्बो ने मिलकर इल्मा का गला घोंटकर जान से मारने की कोशिश की थी। जब इल्मा ने दहेज लाने से इनकार किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, गालियां दीं और उसे घर से बाहर निकाल दिया। उन्होंने धमकी दी कि यदि वह बिना कार और पांच लाख रुपये के वापस आई, तो उसे जलाकर मार डालेंगे। इल्मा ने यह भी आरोप लगाया है कि जब वह अकेली होती थी, तो उसका देवर अहद पुत्र फिरासत उसके साथ छेड़छाड़ करता था। ससुराल वालों द्वारा घर से निकाले जाने के बाद से इल्मा अपने मायके में रह रही है।

# 13 दिसम्बर 2०25 को सात केंद्रों पर सम्पन्न होगी परीक्षा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जवाहर नवोदय परीक्षा 2०25 को नकलविहीन, शुचिता एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि 13 दिसंबर 2०25 को आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा को नकलविहिन के लिए कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी सात केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में परीक्षा आयोजित की जाएगी। जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में 2226 परीक्षार्थी शामिल होंगे सभी सात विकास क्षेत्र पर एक एक केंद्र निर्धारित किया गया है। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1.3० बजे तक आयोजित की जाएगी परीक्षा में नकल रोकने के लिए कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी से जवाहर नवोदय परीक्षा पर नजर रखी जाएगी इसके साथ ही सभी केंद्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किया जायेगा। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगें।



एसटीडीएम इंटर कालेज सोरोंजी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कासगंज, मक्खनलाल इंटर कॉलेज अमांपुर, श्री गांधी इंटर कॉलेज सहावर, एसएन इंटर कॉलेज गंजडुंडवारा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पटियाली, पार्वती राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सिढ़पुरा विद्यालय को केन्द्र बनाया गया है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, खण्ड विकास अधिकारी, कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने सोरों स्थित गंगा वन का किया स्थलीय निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जनपद कासगंज के पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिलाधिकारी प्रणय सिंह द्वारा सोरों स्थित गंगा वन का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में किए गए विकासात्मक एवं पर्यावरणीय कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित कराने, पौधों के संरक्षण हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा वन क्षेत्र में जैव विविधता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन्य जीव-जंतुओं के लिए आवास स्थल विकसित करने के निर्देश दिए।



इसके अतिरिक्त वन क्षेत्र में जल संरक्षण को सुदृढ़ करने हेतु वाटर बॉडी के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने तथा वन क्षेत्र के भीतर आवागमन को सुगम बनाने के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश भी दिए गए।

## सार-संक्षेप

### सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालयों का किया शैक्षिक भ्रमण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल बहजोई के कक्षा 6 से 9 तक के लगभग 2०० छात्रों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक विशेष शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान छात्रों ने जिला प्रशासन के विभिन्न कार्यालयों का अवलोकन कर सरकारी कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त किया। भ्रमण के अंतर्गत छात्रों ने डीएम कार्यालय, एसपी कार्यालय, एनआईसी, डीपीएमयू, डीपीओ, सीडीओ कार्यालय सहित कई महत्वपूर्ण विभागों का दौरा किया।अधिकारियों ने बच्चों को विभागों में होने वाले कार्य, फाइल प्रबंधन, डिजिटल सेवाओं और जनकल्याण योजनाओं के संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

भ्रमण का मुख्य आकर्षण कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया से हुई विशेष मुलाकात रही। जिलाधिकारी ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे जीवन में कर्मयोगी बनें, अपने भीतर निरंतर सुधार लाएँ और सदैव अनुशासन व ईमानदारी को अपनाएँ इन्हीं गुणों से वे भविष्य में बड़ी सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

जिलाधिकारी ने छात्रों से कहा कि घर का भोजन करना चाहिए तथा फास्ट फूड से बचना चाहिए। मन पर विजय प्राप्त करके ही अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने छात्रों से अपील की कि प्लास्टिक डिस्पोजल का प्रयोग न करने को लेकर लोगों को जागरूक करें। छात्रों ने अधिकारियों से कई प्रश्न पूछे और प्रशासनिक व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, डिजिटल भारत परियोजनाओं तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ हासिल कीं।विद्यालय प्रबंधन ने इस शैक्षिक भ्रमण को छात्रों के समग्र विकास हेतु अत्यंत उपयोगी बताया। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे भ्रमण से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, प्रशासनिक समझ और सामाजिक जागरूकता बढ़ती है।

### कोहरे की वजह से वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा कस्बा बबराला में सर्दी के मौसम में कोहरे और धूंध के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली, अन्य वाहनों और स्कूली बच्चों की साइकिलों पर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रिफ्लेक्टर लगाए गए। ताकि कोहरेध्धूंध और अंधेरे के दौरान वाहन दूर से स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके और सड़क दुर्घटना ना हो पाए तथा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं और फोग लाइट का सही उपयोग करें कोहरे में हेडलाइट को लो बीम पर रखें और नशे की अवस्था में वाहन ना चलाएं साथ ही पुलिस ने ओवर स्पीडिंग से बचने और गलत दिशा में वाहन ना चलाने की अपील कर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

# बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग कासगंज द्वारा निकाली गई सहायिका की भर्ती विज्ञापन में निकली खामियां

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** सोरों बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा बड़ी अनियमित सामने आई है, प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशानुसार 2०11 से इंतजार कर रही सहायिका भर्ती का रास्ता 2०25 में साफ हुआ, वहीं हजारों की संख्या में महिलाएं इंतजार करते-करते ओवररेज हो गई, देखने में एक बड़ी समस्या उजागर हुई है जब आवेदन करने के लिए जन सेवा केदो पर आवेदन करने गई,वहां पर वार्डों के नाम व संख्या गलत दर्शाई गई है,

2०11 में नियुक्ति कार्यकत्री पदों पर हुई थी, जिसमें वार्ड 14 आंगनवाड़ी कार्यकतियों की नियुक्ति की गई जिसमें प्रथम निशा पाराशर द्वितीय रिचा दिक्षित इन दोनों की क्रम संख्या 71 527 व 71 528 नियुक्ति पत्र में दर्शाया गया है, सरकार द्वारा परिसीमन होने पर वार्डों के नाम चेंज हुए, वार्ड 14 का नाम वार्ड ०5 कटरा पश्चिम कर दिया गया।

बाल विकास विभाग सोरों द्वारा सहायकों की भर्तियां निकाली गई सन 2०11 से अब तक उनके लिए किसी भी सहायिका की नियुक्ति नहीं हुई हैं। इन दोनों कार्यकत्री के लिए वार्ड संख्या 11 में दर्शाया दिया गया है, इसी कारण पोर्टल पर दोनों कार्यत्रियों की सहायता का विज्ञापन नहीं निकला, वार्ड ०5 में सहायिका भर्ती निकाली गई है वह वैकेंसी वार्ड संख्या ०2 के लिए थी, उसमें वार्ड ०5 दिखाकर आवेदकों के लिए भ्रमित किया गया है वार्ड ०5 के आवेदक आवेदन करेंगे तो निरस्त कर दिए जाएंगे क्योंकि यह सहायिका भर्ती वार्ड ०2 के लिए है वार्ड ०2 के आवेदन इसलिए नहीं करेंगे क्योंकि यह सहायिका पद वार्ड ०5 में दर्शाया गया है, इस बात की शिकायत जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशीला देवी से की तो उन्होंने कहा नोटिस जारी करके जानकारी हासिल की जा रही है, अगर गलत भर्ती विज्ञापन निकला है तो शासन स्तर के लिए पत्र जारी किया जाएगा,



सही भर्ती प्रक्रिया निकाली जाएगी, 2०11 से प्रतीक्षा कर रही सैकड़ो महिलाएं ओवररेज हो गई, भर्ती के इंतजार करते-करते सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंच पा रहा तानाशाही अधिकारियों द्वारा, भविष्य में अगर भर्ती निकलती है तो काफी संख्या में आवेदक ओवरसीज हो सकते हैं विधवा तलाकशुदा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं के लिए ईस बात का डर है। कहीं उम्र ओवर ऐज ना हो जाए आवेदन करने की इस प्रक्रिया में, जिलाधिकारी कासगंज से मांग की गई है।

निष्पक्षता से जांच कर भर्ती की जाए, चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके, कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर दो या तीन आंगनबाड़ी कार्यकत्री है सहायिका रिक्त पद होने के बाद भी मात्र निकली एक ही वैकेंसी, उम्मीदवार को मिले उनका हक, मांग करने वालों में मुख्य रूप से अनीता, रवीना सुनीता, सोनम, सुजाता, निर्मला विमलेश, आरती इत्यादि।

# ग्रामीणों को एसआईआर फॉर्म भरने के प्रति जागरुक

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**शाहबाद।** मंगलवार को ग्राम रमपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल अध्यक्ष डॉ. रशीद अल्वी ने एक बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को एसआईआर फॉर्म भरने के प्रति जागरूक करना था। डॉ. अल्वी ने ग्रामीणों से जल्द से जल्द फॉर्म भरने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर प्रक्रिया से पात्र मतदाताओं को उनके मताधिकार का दर्जा मिलेगा, जबकि अपात्र मतदाताओं की पहचान की जा सकेगी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि एसआईआर से घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। डॉ. अल्वी ने सभी से अपने फॉर्म शीघ्र ही बीएलओ के पास जमा करने का आग्रह किया। इस अवसर पर डॉ. अल्वी ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी धर्म या जाति का विरोध नहीं करती, बल्कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य करती है। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं का भी जिक्र किया, जिनमें राशन, आवास और आयुष्मान कार्ड शामिल हैं। डॉ. अल्वी ने बताया कि भाजपा सरकार में इन सभी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से मिला है।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी कब मनाया जन्मदिन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** मंगलवार को संभल चंदौसी रोड स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया जिसमें कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की तथा एडवोकेट अमित कुमार उठवाल मुख्य अतिथि रहे कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता सोनिया गांधी के जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं जिन्होंने बिना भेदभाव के कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ने का काम किया है।



एडवोकेट अमित कुमार अटवाल ने कहा कि सबसे पहले हम सोनिया गांधी के जन्मदिन पर लंबी दीर्घायु की कामना करते हैं और दिल्ली में 14 दिसंबर को राहुल गांधी द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें संभल जिले से लगभग 5०० कार्यकर्ता दिल्ली जाने के लिए और उनकी आवाज बुलंद करने के लिए प्रस्थान करेंगे और उन्होंने कहा कि मोदी सरकार तानाशाह सरकार है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सीट पर चिपके हुए बैठे हैं उन्हें किसी चीज की परवाह नहीं है केवल कुर्सी कब्जाना चाहते हैं।

# राशन कार्ड उपभोक्ताओं को 3 महीने का मिलेगा एक साथ राशन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2०13 के अन्तर्गत माह दिसम्बर 2०25 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण कराये जाने तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर से दिसम्बर 2०25 के सापेक्ष ०3 किग्रा० चीनी प्रति कार्ड रुपये 18/- प्रति किग्रा० की दर से रू०- 54ध- में वितरण हेतु दिनांक 1०.12.2०25 से 28.12.2०25 तक वितरण तिथि निर्धारित की गयी है।

माह दिसम्बर 2०25 में उक्त निर्धारित वितरण तिथियों में अन्त्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों को 14 किग्रा. गेहूं, 16 किग्रा. फोर्टिफाइड चावल एवं ०5 किग्रा० मक्का (उपलब्धतानुसार चावल के स्थान पर) "प्रथम आओ प्रथम पाओं" के आधार पर निःशुल्क वितरण कराया जाएगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं मक्का को मिलाकर वितरण स्केल को 21 किग्रा. प्रति कार्ड रखा जाएगा। पात्र गृहस्थी योजना के लाभार्थियों को प्रति यूनिट 2.० किग्रा. गेहूँ, 2.० किग्रा. फोर्टिफाइड चावल एवं ०1 किग्रा. मक्का (उपलब्धतानुसार) "प्रथम आओ प्रथम पाओं" के आधार पर निःशुल्क वितरित किया जायेगा।



प्रत्येक दशा में चावल एवं मक्का को मिलाकर वितरण स्केल ०3 किग्रा० प्रति यूनिट रखा जायेगा। मक्का का स्टॉक समाप्त होने के पश्चात लाभार्थियों को 3 किग्रा० चावल वितरित किया जायेगा।खाद्यान्न के निः शुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसमें कोई भी उपभोक्ता किसी भी दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है।

योजनान्तर्गत गेहूँ, चावल एवं चीनी के वितरण की अन्तिम तिथि 28.12.2०25 है। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोवाईल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न वितरण सम्पन्न किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को चीनी के सम्बनध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नही होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे।

# टाटा टेक्नोलॉजी के शोर्ट टर्म कोर्स का शुभारंभ



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में विद्यार्थी शार्ट टर्म तकनीकी कोर्स की पढ़ाई कर सकेंगे।

इसके लिए टाटा टेक्नोलॉजी के शोर्ट टर्म कोर्स का शुभारंभ कर दिया गया है। भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार सिंह ने फीता काटकर कोर्स का आरंभ किया। इसके अंतर्गत रोबोट ऑपरेटर, डिजाइन, लेथ मशीन टेक्नीशियन, वेल्डिंग, सीएनसी प्रोग्रामर आदि का आधुनिक मशीनों से प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां से प्रशिक्षण पाकर निकलने वाले युवाओं को टाटा में रोजगार के भी अवसर मिलेंगे। इस मौके पर संस्थान के कार्य देशक जितेन्द्र सिंह, अनुदेशक सत्यवीर सिंह, प्रशांत पाठक, अंकित कुमार भारती, अजय कुमार, टाटा टेक्नोलॉजी से चमन कुमार, शिव बहादुर, कौशल विकास मिशन से अनुराग शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# विदेशों में भारतीयों की घिसी-पिटी छवि बनी हुई है



**दीपिका पादुकोण ऐसी अभिनेत्री है, जिन्होंने बिना किसी फिल्मी घराने से आने के बावजूद इंडस्ट्री में अपनी एक खास पहचान बनाई है। आज उनकी गिनती बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में होती है। अब दीपिका अपनी शर्तों पर काम करती है। यही कारण है कि अपने आठ घंटे काम करने की मांग के चलते उनके हाथ से कई बड़ी फिल्में भी निकलीं, लेकिन उन्होंने खुद से समझौता नहीं किया। अब दीपिका ने अपने हॉलीवुड करियर को लेकर भी एक बड़ा बयान दिया है।**

दीपिका ने कहा कि वो हॉलीवुड में अपनी शर्तों पर काम करेंगी, न कि वैसा जैसी हमारी वहां छवि बनी हुई है। दीपिका ने कहा विदेशों में आज भी भारत को लेकर एक छवि है। साथ ही उन्होंने अपने साथ वहां हुए भेदभाव पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मैं भारत को दुनिया के सामने लाने को लेकर बहुत स्पष्ट थी, लेकिन जिस भारत को मैं जानती हूं, वह ऐसा नहीं है। उदाहरण के लिए हॉलीवुड में जाना और कुछ ऐसी चीजें करना जो हमसे उम्मीद की जाती हैं या जो ग्लोबल ऑडियंस के हिसाब से करना, कुछ ऐसा है जो मैं कभी नहीं करना चाहती थी। विदेशों में यात्रा के दौरान भी मैंने अक्सर देखा है कि वहां लोगों के मन में भारतीयों के बारे में वही पुरानी और घिसी-पिटी छवि है। चाहे वह कास्टिंग को लेकर हो, या हमारे बोलने के तरीके को लेकर हो या मेरी त्वचा के रंग को लेकर हो। यही कारण है कि हमें वहां टैलेंट को देखते हुए काम नहीं मिला, बल्कि घिसे-पिटे रोल दिए गए।

दीपिका ने कहा कि मैं बिल्कुल स्पष्ट थी कि मैं यह काम अपने तरीके से और अपनी शर्तों पर करूंगी। बेशक इसमें ज्यादा समय लगा। हाल ही में अपने एक इंटरनेशनल ब्रांड के अभियान को याद करते हुए दीपिका ने बात की, जब सनसेट बुलेवार्ड पर जगह-जगह उनके होर्डिंग लगे थे। अभिनेत्री ने कहा कि मैं उस समय लॉस एंजिल्स में थी। यह देखकर पहले मुझे अजीब लगा, लेकिन साथ ही मुझे गर्व भी हुआ। एक वैश्विक लक्जरी ब्रांड के होर्डिंग पर एक भूरे रंग का चेहरा देखकर अच्छा लगा। मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा था और यह हर एक भारतीय महिला की जीत जैसा लगा।

वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका पादुकोण इन दिनों शाहरुख खान के साथ 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। साथ ही वो एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म को लेकर भी चर्चाओं में हैं।



## विन डीजल के साथ हॉलीवुड डेब्यू

दीपिका ने 2017 में विन डीजल के साथ 'XXX: रिटर्न ऑफ जेंडर केज' से हॉलीवुड में कदम रखा था। तब से दीपिका ने कई इंटरनेशनल ब्रांड साइन किए हैं और ग्लोबल मंच पर लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। हालांकि, उसके बाद से दीपिका किसी हॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आई है।

# पहली बार रियल लाइफ बेस्ड किरदार प्ले करेंगी एक्ट्रेस कियारा आडवाणी

कियारा आडवाणी अपने करियर के सबसे रोमांचक मोड़ पर हैं। एक ओर वह हाल ही में मातृत्व सुख का अनुभव कर चुकी हैं, वहीं दूसरी ओर उनके पास कई बड़े और महत्वाकांक्षी फिल्म प्रोजेक्टस की लाइन लगी हुई है। इनमें सबसे बड़ी और चर्चित घोषणा है उनकी मीना कुमारी की बायोपिक कमाल और मीना में मुख्य भूमिका। यह फिल्म न सिर्फ कियारा के अभिनय करियर का नया अध्याय खोलेगी, बल्कि मां बनने के बाद परदे पर उनके कमबैक को भी यादगार बनाएगी।

दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी और फिल्मकार कमाल अमरोही के जटिल रिश्ते पर आधारित इस फिल्म को लेकर लंबे समय से चर्चा थी कि मीना का रोल कौन निभाएगा, कियारा आडवाणी या कृति सेनन। अब आधिकारिक रूप से तय हो गया है कि यह चुनौतीपूर्ण किरदार कियारा के हिस्से में आया है। यह फिल्म मीना और कमाल के तूफानी रिश्ते की कहानी को बड़े परदे पर पेश करेगी। इस प्रोजेक्ट का निर्माण कमाल के पोते बिलाल अमरोही कर रहे है और निर्देशन हिचकी फेम सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा करेंगे। यह कियारा की पहली ऐसी फिल्म होगी, जिसमें वह किसी वास्तविक जीवन पर आधारित किरदार को परदे पर निभा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, डायरेक्टर सिद्धार्थ को कियारा में विंटेज बॉलीवुड चार्म और मीना कुमारी की भावनात्मक गहराई से जुड़ने की इमोशनल रेंज नजर आई, जिसके बाद यह फैसला किया गया। फिल्म की शूटिंग 2026 के पहले हिस्से में शुरू होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि वह अपनी भूमिका के लिए उर्दू उच्चारण और अंदाज पर भी काम करेंगी। फिलहाल कमाल के किरदार के लिए एक्टर की तलाश जारी है।

### मां बनने के बाद कियारा का है यह पहला बड़ा प्रोजेक्ट साबित होगा

मां बनने के बाद यह कियारा की पहली फिल्म होगी, जो उनके लिए एक नई यात्रा की शुरुआत मानी जा रही है। कमाल और मीना के जरिए वह एक बार फिर दर्शकों को अपने अभिनय की गहराई से रूबरू कराएंगी। यह बायोपिक न सिर्फ उनके करियर का टर्निंग पॉइंट बनेगी, बल्कि यह भी दिखाएगी कि कियारा कितनी सहजता से ग्लैमरस भूमिकाओं से निकलकर भावनात्मक और क्लासिक किरदारों में ढल सकती हैं। कमाल और मीना के अलावा कियारा के पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं इनमें सबसे चर्चित टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स है, जिसमें वह कन्नड़ सुपरस्टार यश के साथ नजर आएंगी।





# यामी और इमरान से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला

पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया रह चुकी वर्तिका सिंह ने कोर्टरूम ड्रामा फिल्म हक के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया है। किसी नए कलाकार के लिए पहला मौका खास होने के साथ ही और चुनौतीपूर्ण भी होता है, लेकिन वर्तिका ने बताया कि उन्हे फिल्म के सेट पर अपने किरदार को निभाने में कोई परेशानी नहीं हुई। इंटरव्यू में वर्तिका ने अपने को-स्टार्स, खासकर इमरान हाशमी की तारीफ की। उन्होंने बताया कि इमरान जमीन से जुड़े बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने कहा, मुझे इमरान हाशमी के साथ काम करने पर किसी तरह का स्टारडम का दबाव महसूस नहीं हुआ। वह हर किसी को समान महत्व देते हैं, जिससे नए कलाकारों को एक अलग आत्मविश्वास मिलता है। इमरान के समान रवैये से मुझे अपने किरदार को बेहतर ढंग से निभाने का मौका मिला। वह हर सीन में काफी सहज रहे। वर्तिका ने यामी गौतम के साथ काम करने के अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने कहा, यामी के ज्यादा सीन इमोशन्स से भरपूर थे, इसलिए सेट पर मजाक-मस्ती कम ही थी। उन्हें हर सीन से पहले अपने किरदार में डूबने के लिए उनके इमोशन्स से जुड़ना पड़ता था। यामी से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। मैंने उनसे छोटे-छोटे हाव-भाव और किरदार में गहराई बनाए रखने के तरीके सीखे। अपने किरदार साइरा को लेकर वर्तिका ने कहा, मैंने खुद को पूरी तरह अपने किरदार में डुबो दिया। मैंने साइरा की मानसिकता और भावनाओं को समझने के लिए कविताएं भी लिखीं। साथ ही उसके अतीत, पालन-पोषण और जीवन की परिस्थितियों का ध्यान रखते हुए उसे पूरी तरह महसूस किया। मैंने इसके लिए नोट्स भी तैयार किए। फिल्म हक में इमरान हाशमी और यामी गौतम मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी शाह बानो केस से प्रेरित है। इसमें यामी शाजिया नाम की महिला की भूमिका में हैं। कहानी में साइरा शाजिया के पति (इमरान हाशमी) के प्यार में पड़ जाती है और उससे दूसरी शादी कर लेती है, जिसके बाद कानूनी जंग शुरू होती है। इस फिल्म का निर्देशन सुपर्ण वर्मा ने किया है।

# मुझे कलाकार के तौर पर चैलेंजिंग रोल ज्यादा पसंद हैं

स्टार प्लस की महाभारत में मत्स्य रानी सत्यवती का रोल एक्ट्रेस सायंतनी घोष ने किया था। उनके किरदार की तारीफ हर किसी ने की थी। अब एक्ट्रेस टीवी सीरियल जगद्धात्री में दिखने वाली हैं। उन्होंने सीरियल से जुड़े एक्सपीरियंस शेयर किए हैं। सीरियल जगद्धात्री जीटीवी पर आने वाला है। इसमें अपने किरदार माया देशमुख पर सायंतनी घोष ने बातचीत में कहा कि यह मेरे लिए बहुत मुश्किल किरदार था। अभी तक मैंने कई चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं। लेकिन, यह सबसे अलग है। कलाकार के तौर पर मुझे चैलेंजिंग रोल ज्यादा पसंद हैं और इसी वजह से मैंने इस रोल को एक्सेप्ट किया। उन्होंने कहा कि माया देशमुख घर और बिजनेस दोनों संभाल रही हैं। मुझे लगता है कि असल जिंदगी में हर महिला का जीवन ऐसे संघर्ष से भरा रहता है। इसी वजह से माया के किरदार ने मुझे ज्यादा प्रभावित किया। हमें पहले लोगों की सोच बदलने की जरूरत है। लोगों को लगता है कि महिलाएं एक्शन नहीं कर सकतीं, लेकिन जगद्धात्री ऐसा शो है, जिसे महिला लीड कर रही है और पुरुषों की तरह एक्शन कर रही है। शो नारी की शक्ति का प्रतीक है। मुझे इस शो से बहुत सारी उम्मीदें हैं। मैं दर्शकों से इस सीरियल को बहुत सारा प्यार देने की रिक्वेस्ट करूंगी। एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री में आए बदलावों पर बात करते हुए कहा कि 20 साल में टेलीविजन इंडस्ट्री में बहुत बदलाव आए हैं। मैं भी समय के साथ खुद को बदलती हूं। आजकल धैर्य की कमी देखी जा रही है। पहले शो सालों तक चलते थे। आज शो कुछ ही महीनों में खत्म हो जाते हैं। इतनी ज्यादा प्रतियोगिता है कि सीरियल की शेल्फ लाइफ कम हो गई है। इसमें बदलाव लाना चाहिए। सायंतनी घोष ने कहा कि मेरा सफर टीवी शो नागिन से शुरू हुआ था। मैंने महाभारत और नामकरण जैसे शोज किए हैं, जिनके लिए मुझे आज भी याद किया जाता है। लेकिन अब मैं कुछ अलग करना चाहती हूं और एक कलाकार होने के नाते आगे बढ़ना चाहती हूं। इसके लिए सीरियल जगद्धात्री बेस्ट है, क्योंकि ये अलग है।



# श्रिया पिलगांवकर ने खत्म की फिल्म हैवान की शूटिंग



श्रिया पिलगांवकर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म निर्देशक प्रियदर्शन के साथ एक खास तस्वीर शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म हैवान में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। प्रियदर्शन के साथ श्रिया पिलगांवकर ने एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। यह तस्वीर फिल्म हैवान के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियदर्शन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने। आगे श्रिया ने हैवान की पूरी टीम का धन्यवाद किया। आगे श्रिया ने फिल्म के स्टार्स को लेकर लिखा, सैफ अली खान, अक्षय कुमार, बोमन ईरानी, सैयामी खेर और राजपाल यादव जैसे बेहतरीन कलाकारों के साथ काम करना बेहद मजेदार रहा।

### फिल्म हैवान के बारे में

बॉलीवुड आगामी फिल्म हैवान में अक्षय कुमार और सैफ अली खान है, जो प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित है। यह 2016 की मलयालम फिल्म ओप्पम का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में श्रिया के अलावा सैफ अली खान, अक्षय कुमार, बोमन ईरानी, सैयामी खेर और राजपाल यादव जैसे बेहतरीन कलाकार नजर आएंगे।



# कबूतरबाजी संस्कृति पर आधारित होगी पूजा भट्ट की नई फिल्म, जितेंद्र कुमार नजर आएंगे

**पूजा भट्ट ने अपनी नई फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि यह फिल्म भारत की कबूतरबाजी संस्कृति पर आधारित होगी। इस फिल्म में उनके साथ पंचायत सीरीज के एक्टर पूजा भट्ट ने इंस्टाग्राम पर जितेंद्र कुमार के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की और लिखा, दो दमदार कलाकार। एक गहरी कहानी। अपनी अगली फिल्म की घोषणा करते हुए बेहद खुश हूं। यह भारत की सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा, कबूतरबाजी की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिल को छू लेने वाली कहानी है।**

### फिल्म की स्टार कास्ट

पूजा भट्ट की इस फिल्म में उनके साथ पंचायत सीरीज के जितेंद्र कुमार नजर आएंगे। इस फिल्म में पूजा भट्ट मां की भूमिका में नजर आएंगी, जबकि जितेंद्र उनके बेटे का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म के निर्माता ख्याति मदान और सह-निर्मिता हितेश केवले हैं। इस फिल्म को बिलाल हसन द्वारा लिखित और निर्देशित किया जाएगा।

### जितेंद्र कुमार का करियर

जितेंद्र कुमार को हाल ही में पंचायत सीरीज के तीसरे सीजन में देखा गया था। जितेंद्र को टीवीएफ पिचर्स में जीतू, कोटा फैक्ट्री में जीतू भैया और पंचायत में अभिषेक त्रिपाठी के किरदारों के लिए जाना जाता है। जितेंद्र ने शुभ मंगल ज्यादा सावधान, जादूगर और ड्राई डे शामिल है। अब वह पूजा भट्ट के साथ एक फिल्म में नजर आएंगे।

### किसकी बायोपिक करना चाहते हैं जितेंद्र

एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में जितेंद्र ने बताया था कि उन्हें क्रिकेट बहुत पसंद है। उन्होंने कहा, 'मुझे विराट कोहली की कहानी बेहद प्रेरणादायक लगती है। अगर कभी मौका मिला तो मैं जरूर उनकी बायोपिक करना चाहूंगा।'



# तीन राउंड में आयोजित परीक्षा के बाद परिणामों की घोषणा

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**नगीना।** ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी)कोतवाली में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के 93 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 108 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के क्षेत्र में अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया।

सुबह 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चली इस प्रतियोगिता में छात्रों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। तीन राउंड में आयोजित परीक्षा के बाद परिणामों की घोषणा की गई। क्विज प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय शेखपुरा तुर्क के छात्र वंश ने अपनी मेधा का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कम्पोजिट विद्यालय कस्बा कोटरा के छात्र आदर्श कुमार ने द्वितीय, कम्पोजिट विद्यालय राजोपुर सादात की छात्रा प्रियांशी ने तृतीय, कम्पोजिट विद्यालय बुड्ढावाला के



छात्र मनीष ने चौथा और उच्च प्राथमिक विद्यालय सूफीपुर अंगद की छात्रा राधिका ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रदर्शनी के लिए प्रतियोगिता के आधार पर जिला स्तर पर आयोजित होने वाली विज्ञान प्रदर्शनी के लिए 5 होनहारों का चयन किया गया है। इनमें उच्च प्राथमिक विद्यालय रावलहेड़ी की छात्रा नशरा, कम्पोजिट विद्यालय कस्बा कोटरा के दो छात्र कार्तिक तथा लक्की, कम्पोजिट विद्यालय शेखपुरा तुर्क के छात्र वंश तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय तुख्मापुर हरवंश की छात्रा रिया शामिल हैं। खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) इन्द्रजीत सिंह ने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी हेतु चयनित सभी पांचों छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के माध्यम से मॉडल बनाने के लिए तीन-तीन हजार रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ये जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर डायट मेंटर प्रीति रानी, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष यशपाल सिंह, विनोद शर्मा, एआरपी क्षत्रपाल सिंह, हरिओम शर्मा, अशोक कुमार, संजीव त्रिवेदी, विवेक कुमार, तलत परवीन, कमलनी अग्रवाल, अनामिका बिश्नोई, कामनी दिवाकर, सौरभ शुक्ला, उदिति चौहान, प्रेम लता, रश्मि शर्मा, यासमीन निसार, शीतल रानी, धर्मवीर सिंह, कमल कुमार और राजेश कुमार सहित गिजाला रूही दिलशाद जहां सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हाजी यामीन अंसारी की भतीजी की शादी संपन्न

## शादी में राजनीतिक दलों व्यापारियों व पत्रकारों ने लिया हिस्सा

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**नगीना।** समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष व नगर समाजसेवी हाजी यामीन अंसारी उर्फ मिन्ना की भतीजी व हाजी मोहम्मद ताहिर अंसारी की लड़की निहा ताहिर अंसारी एक भव्य एवं शानदार वैवाहिक कार्यक्रम शुभ मंगलम मैरिज हॉल में नहटौर निवासी सलमान अंसारी के साथ विवाह बंधन में बंध गई। विवाह समारोह में राजनैतिक दलों के नेताओं, अधिकारियों, पत्रकारों ने पहुंचकर नवदम्पत्ति को आशीर्वाद दिया।



इस मौके पर वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे प्रमुख लोगों में नगीना सपा विधायक मनोज पारस, पालिका चेयरपर्सन के पुत्र व चैयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष अरशद मसूद उर्फ शन्नू भाई, खालिद निसार एडवोकेट, मोहम्मद राशिद उस्मानी, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मतलब कुरैशी, काकू अंसारी, शमशाद रशीद महीगीर, पूर्व सभासद केसर अली अंसारी, मोहम्मद शाहिद अंसारी, हाजी जाकिर अंसारी, डॉक्टर आमिर अहमद, मोहम्मद आदिल एडवोकेट, सलीम अहमद, डॉक्टर शाकिर, मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद जीशान अंसारी, मोहम्मद जुनेद, अतीक अहमद अंसारी, गुड्डू मिस्त्री, परवेज पाशी, डॉ आमिर, काका अंसारी आदि मौजूद रहे। हाजी यामीन अंसारी उर्फ मिन्ना, व हाजी ताहिर अंसारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# सड़क हादसे में दो स्कूटी सवार युवकों की मौत

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**स्योहारा।** सोमवार की शाम लगभग 6 बजे ठाकुरद्वारा, स्योहारा रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार ठाकुरद्वारा से स्योहारा की ओर आ रहे दो स्कूटी सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान फैज उर्फ गोलू पुत्र अनीस उर्फ मुन्ना, निवासी मोहल्ला शेखान, स्योहारा तथा रिहान पुत्र



उस्मान, निवासी हाता स्योहारा के रूप में हुई है। हादसा होते ही राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत सीएचसी स्योहारा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया। बताया जा रहा है कि हायर सेंटर ले जाते समय दोनों युवकों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। शवों को वापस स्योहारा लाया गया, जहां परिजनों का रो, रोकर बुरा हाल है। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

# भारत: 1925 से 2025 संस्कृति एवं चेतना की सतत यात्रा विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का भव्य आयोजन

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**बिजनौर।** भगवंत प्रौद्योगिकी संस्थान में सोमवार को भारतः 1925 से 2025 संस्कृति एवं चेतना की सतत यात्रा- विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का भव्य और सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थान के विवेकानंद ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें देश की सांस्कृतिक निरंतरता, राष्ट्रनिर्माण और आत्मनिर्भरता के विविध आयामों पर विशेषज्ञों ने विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, वाइस चेयरपर्सन डॉ. आशा सिंह, बैक्सिल फार्म कंपनी के निदेशक डॉ. विभांशु विक्रम सिंह, प्रथम सत्र के विशिष्ट अतिथि प्रो. श्री प्रकाश सिंह (कुलपति, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर), प्रो. सचिन माहेश्वरी (कुलपति, गुरु जम्भेश्वर



विश्वविद्यालय, मुरादाबाद), वक्ता प्रफुल्ल केतकर एवं प्रज्ञा प्रवाह के माननीय क्षेत्र संयोजक भगवती प्रसाद राघव उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, सह-निदेशक डॉ. पुष्पनिल वर्मा, तथा सीए दुष्यन्त कुमार ने भी मंच की गरिमा बढ़ाई। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस कार्यशाला में भारत की शताब्दी यात्रा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना (1925) से लेकर आधुनिक आत्मनिर्भर भारत एवं विश्व गुरु भारत की दिशा में चल रही प्रगतिशील यात्रा पर विचार किया गया। भारतीय प्रज्ञान परिषद द्वारा प्रदान किए गए

*उद्घाटन सत्र में भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, वाइस चेयरपर्सन डॉ. आशा सिंह, बैक्सिल फार्म कंपनी के निदेशक डॉ. विभांशु विक्रम सिंह, प्रथम सत्र के विशिष्ट अतिथि प्रो. श्री प्रकाश सिंह (कुलपति, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर), प्रो. सचिन माहेश्वरी (कुलपति, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद), वक्ता प्रफुल्ल केतकर एवं प्रज्ञा प्रवाह के माननीय क्षेत्र संयोजक भगवती प्रसाद राघव रहे मौजूद*

बौद्धिक सहयोग ने कार्यक्रम को विशेष रूप से समृद्ध किया। कार्यशाला में स्व से स्वतंत्रता की अवधारणा, स्व का बोध, पंच परिवर्तन (कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य), समसामयिक विमर्श, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, तथा भारत का संविधान एवं संविधान समिति के विचार-विमर्श जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। यह आयोजन छात्रों, शिक्षकों एवं समाज के सजग नागरिकों के लिए भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं राष्ट्र संस्कृति एवं चैवक्त् यात्रा एक दिवसीय चेतना को समझने और जीवन में आत्मसात करने का एक उत्कृष्ट अवसर सिद्ध हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अजय सिंह (डीन), डॉ. आदित्य शर्मा (उप रजिस्ट्रार), डॉ. ए.के. शर्मा (प्राचार्य ताडै), डॉ. विजय डी. (प्राचार्य नर्सिंग), डॉ. सचिन सिंगल (प्राचार्य फार्मेसी), डॉ. कावेंद्र यादव, इं. निकुल चौधरी, गौरव राजपूत, दिव्य सिंह सहित अनेक सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह कार्यशाला संस्थान के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए ज्ञान, संस्कृति और राष्ट्र चेतना को नई दिशा प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण आयोजन साबित हुआ।

# आपके पास सबसे शक्तिशाली हथियार है शिक्षाः प्रतीक जैन

## दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशंस में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजित

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्युशन्स धामपुर में कक्षा से करियर तक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रतीक जैन ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य के विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसे दुनिया को बदलने के लिए उपयोग कर सकते है। कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य विमल कुमार भारती एवं मुख्य वक्ता प्रतीक जैन ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता प्रतीक जैन ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य के विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि समय का हम सही प्रयोग कर मेहनत और लगन से अपने भविष्य को उच्च स्तर तक ले जा सकते हैं। उन्होने बताया कि शिक्षा सबसे



शक्तिशाली हथियार है जिसे आप दुनिया को विद्यार्थीगण अपनी कामयाबी के लिए शिक्षा का करें उपयोग बदलने के लिए उपयोग कर सकते हैं। प्रतीक जैन ने छात्रों के भविष्य को देखते हुए उन्हें सफलता के मंत्र दिये ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्था के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हैड डा. समीर अहमद, परीक्षा नियंत्रक गौरव मलिक, (कोर्डिनेटर) जितेन्द्र सिंह, महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी जीत सिंह, शिक्षक डा. एकता मलिक, मधुलिका राजपूत, नरेशपाल सिंह, नाजिश, जितेन्द्र कुमार, प्रभात कुमार, निधि चौहान, बृजेश्वर सिसोदिया, परमजीत कौर, नीशू सिंह, राजेश कुमार, रश्मि शर्मा, सतेन्द्र कुमार, मंशा अग्रवाल, जसवंत सिंह, शिवम कुमार, रजत चौहान, संजना राजपूत, अंजली, गौतम, सुर्य प्रताप सिसौदिया, वैभव कटारिया, संदीप विश्नोई, विशाल गुप्ता, दिव्यांश अग्रवाल, सचिन कुमार, अवनीश कुमार, रीना देवी आदि उपस्थित रहें।

# विवेक विश्वविद्यालय में एसआईआर चुनाव आयोग की नियमित प्रक्रिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, विवेक विश्वविद्यालय में एस. आई. आर. के सन्दर्भमें एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को एस. आई. आर. के उद्देश्य, महत्व और भ्रम के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गई। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के वाइस चासंलर प्रो. नरेश गुप्ता, डीन डा. राजीव चौधरी ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलन से किया। असिस्टैन्ट प्रोफेसर विवेक कुमार ने एस.आई.आर. के फार्म भरने, बी.एल.ओ. की भूमिका, वेबसाइट और महत्वपूर्ण तिथियों के बारे में पूर्ण जानकारी देते हुए इस बारे में चुनाव आयोग और सविधानिक प्रक्रिया के बारे में बताया। डीन डा. राजीव चौधरी जी ने कहा एस.आई.आर. चुनाव आयोग की नियमित प्रक्रिया है। जिसका उदृश्य मतदाता सूची से मृतक, अयोग्य, झूठे, और वोटर के नाम हटाना है, जिनका नाम कई स्थानो की मतदाता सूची में है। जिससे चुनाव आयोग की पारदर्शिता बनी रह सके। वाइस चासलंर प्रो.नरेश गुप्ता ने सभी नागरिको से अपील की, कि वह किसी भी भ्रम में ना आये और समय रहते अपने बी.एल.ओ. की मदद से अपना और अपने परिवार का एस. आई. आर. फार्म भर ले। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डा. पुष्पा जोशी, डा. अरविन्द, डा. सुरेश, प्रमोद कुमार, विक्रान्त कुमार, विशाल कुमार, डा. निधि शुक्ला आदि प्रवक्तागण छात्र व छात्रा एवं कर्मचारीगण उपलब्ध रहे।

# कालोनी काटने के चक्कर में कृषि भूमि बड़े पैमाने पर कराई जा रही आबादी में घोषित

**नगीना( अमर भास्कर ब्यूरो)।** सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार नगीना के सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों व लेखपालों एवं दलालो की नगीना व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के कालोनाइजरी एवं भूमाफियाओं की साँठ गाँठ के चलते क्षेत्र के चारों ओर खेती की उपजाऊ जमीनों में होने वाली हरी सब्जियां, अनाज, गन्ने की अच्छी पैदावार वाली जमीनों की ध?ल्ले से धारा 80 जारी होने का काम के चलते क्षेत्र के चारों अवैध रूप से कालोनाइजरों द्वारा कालोनीयो के बिछाए जा रहे जाल ने क्षेत्र से हरी सब्जियों व गेहूं, धान, गन्ने की फसलों को खत्म कर दिया है। जिससे आज हरी सब्जियां दुसरे जनपदों से आने पर क्षेत्र की जनता को महंगी खरीदनी पड़ रही है। क्षेत्र के चारों ओर काटी जा रही कालोनीयां मानक के अनुरूप है। न तो उनमें बिजली, पक्की चौड़ी सड़कें, पार्क, पानी की व्यवस्था भी नहीं दिखाई दे रही हैं। और



## क्षेत्र में हरी सब्जियों व अनाज की पैदावार को किया खत्म

न ही आज तक किसी भी उच्चाधिकारियों ने नगीना कालोनाइजर कृषकों की जमीनों को कम कीमत पर खरीद कर बेच रहे है महंगे दामों पर बड़े शहरों के तर्ज पर कृषकों की लाखों रूपये की जमीन का सौदा करके उसे चंद रूपये देकर उसकी जमीन का दो तीन साल का एग्रीमेंट कराकर बाकी भुगतान को लटका देते है बीच में क्षेत्र के नगर क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक काटी गई दर्जनों कालोनीयो की भी कोई जांच पड़ताल नहीं की गई है। क्षेत्र के लोगों ने इस सम्बन्ध में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर ध्यान दिलाते हुए। क्षेत्र में काटी गई खेती की उपजाऊ जमीनों में कालोनीयों एवं धारा 80 की जांच पड़ताल कराने की मांग की है।

# समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने किया प्रतिष्ठा का उद्घाटन



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**स्योहारा।** स्टेशन रोड पर केनरा बैंक के निकट खुले आर आर ब्यूटी प्लेस का नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मौलाना खालिद, मुफ्ती कामरान, तनवीर चौधरी, अब्बास शेख, फय्याज मंसूरी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। ब्यूटी प्लेस के स्वामी राशिद उर्फ शाहरुख ने बताया सैलून सम्बन्धित सभी समान मुनासिब रेट पर हमारा यहा मिलेगा। क्वालिटी और उचित दाम ही हमारी पहचान है।

# अनिल के गोयल को दिल्ली में मिला राष्ट्रीय सम्मान

## आईएफइए संस्था के दिए गए अवार्ड से धामपुर तथा जनपद बिजनौर को मिली एक नई पहचान

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**धामपुर।** नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल के गोयल को दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड आईएफइए ऐमले संस्था द्वारा देश भर के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी व्यक्तियों को उनके विशिष्ट कार्यों और उपलब्धि यों के आधार पर प्रदान किया जाता है।

नई दिल्ली के पांच सितारा होटल वेलकम आईटीसी में आयोजित ग्लोबल एक्सीलेंस समिट 2025 में हुए कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान किया गया। इसमें देश भर के विभिन्न प्रदेशों में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व दिल्ली आदि से आए 22 लोगों ने को यह अवार्ड प्रदान किया गया।



दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होकर वापस धामपुर लौटे अनिल के गोयल ने बताया कि भौगोलिक तथा अन्य सीमाओं से परे समाज के विभिन्न क्षेत्रों जैसे सामाजिक कार्य, लेखन, विज्ञान, टेक्नोलॉजी, चिकित्सा, उद्योग, व्यापार आदि विभिन्न क्षेत्रों में किये गए विशिष्ट योगदान तथा उपलब्धि हेतु यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। अनिल के गोयल क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक संगठनों से जुड़े रहे हैं तथा मधुभाषी व्यक्तित्व के स्वामी हैं। वर्तमान में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष गौ रक्षा विभाग के जिम्मेदारी भी देख रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र में हासिल उपलब्धि हेतु उन्हें पूर्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी सम्मानित कर चुके हैं। इस उपलब्धि पर अनिल के गोयल को शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, परिजनों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**बढ़ापुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला प्रकाश में आया है। महिला का शव उसी के घर से मिला। महिला के परिजन पति पर शराब के नशे में गला दबाकर हत्या करने के आरोप लगा रहें है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी पति को उसकी बहन के यहां से हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव वीरभान वाला निवासी जोगा शक के आधार पर पुलिस ने पति को हिरासत में लिया सिंह का विवाह करीब 30 वर्ष पहले अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नवाबपुर निवासी परमजीत कौर से हुआ था। विवाह के बाद से दोनों हंसी खुशी रह रहे थे। सोमवार को परमजीत कौर अपने ही घर में मृत पाई गई।



जिसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद मौके बताया जा रहा है कि मृतक के गले पर रस्सी से गला घुटने के निशान पाए गए हैं। मृतका के परिजनों द्वारा मृतक के पति पर हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद स्थानीय पुलिस पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। हरकत में आई और शक के आधार पर पति को हिरासत में लेने की कवायद शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि जोगा सिंह ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर करने तथा घटना के बारे में अपने दिव्यांग भाई गुलजार सिंह को बात कर थाना क्षेत्र के ही गांव मधपुरी निवासी अपनी बहन रणजीत कौर के यहां पर जा छिपा स्थानीय पुलिस द्वारा पूछताछ करने के लिये आरोपी पति जोगा सिंह को उसकी बहन के घर मधपुरी से हिरासत में ले पुत्र अविवाहित जो कि जनपद में ही कोचिंग कर रही है। इस संबंध में जब थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा से बात की गई है उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर सबको पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है जांच की जा रही है। लिया है। बताया जाता है कि मृतका की चार सन्तान में तीन पुत्रियां व एक पुत्र है।

# मरम्मत के बाद पहली उड़ान में ध्वस्त हुआ एएन-22, सात लोग थे सवार, हादसे की जांच शुरू

**रूस।** रूस के इवानोवो क्षेत्र में एंतोनोव एएन-22 सैन्य विमान मरम्मत के बाद अपनी पहली उड़ान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सात लोग सवार थे और हादसा निर्जन इलाके में हुआ। खोज दल मौके पर पहुंच चुका है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि जैसे ही विमान ने उड़ान भरी, कुछ ही समय बाद उसका नियंत्रण खो गया और वह निर्जन इलाके में जा गिरा। हादसे के बाद तुरंत खोज और बचाव दल को रवाना किया गया, ताकि क्रू के सदस्यों की स्थिति की जानकारी मिल सके। मंत्रालय के मुताबिक, यह उड़ान एक नियमित परीक्षण थी, जो मरम्मत के बाद हर सैन्य विमान के लिए जरूरी प्रक्रिया होती है। रूसी एजेंसी जै की रिपोर्ट के अनुसार, विमान के टुकड़े झील के किनारे और पानी में बिखरे मिले। यह संकेत देता है कि विमान तेज रफ्तार में नीचे आया और टकराते ही टूटकर कई हिस्सों में बिखर गया। खोज दल अब इन टुकड़ों को इकट्ठा कर दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, अभी तक किसी आधिकारिक कारण की पुष्टि नहीं की गई है।



एएन-22 रूस के सबसे बड़े सैन्य परिवहन विमानों में से एक माना जाता है। यह विमान भारी हथियारों और बड़े सैन्य उपकरणों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए इस्तेमाल होता है। रूसी एयरोस्पेस फोर्सेज इसे अपने प्रमुख मालवाहक विमानों में गिनती हैं। इसकी मजबूत डिजाइन और लंबी दूरी तय करने की क्षमता इसे सैन्य अभियानों में बेहद उपयोगी बनाती है। एएन-22 विमान की अधिकतम टेकऑफक्षमता 225 टन है और यह 6० टन तक का पेलोड ले जा सकता है। रूसी टीवी चौनलों के अनुसार, यह विमान अगर करीब 4० टन का सामान लेकर उड़ान भरे तो यह 5००० किलोमीटर से भी ज्यादा दूरी तय कर सकता है। इतनी बड़ी क्षमता वाला विमान रूस के कई सामरिक मिशनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। इसलिए इस हादसे ने रूसी सैन्य ढांचे को हिला दिया है। रक्षा मंत्रालय ने दुर्घटना की जांच शुरू करने का आदेश दे दिया है। प्रारंभिक जांच तकनीकी खराबी की ओर इशारा करती है, क्योंकि विमान मरम्मत के बाद पहली बार हवा में गया था। हालांकि, जांच दल यह भी देखेगा कि कहीं मानवीय त्रुटि, मौसम या मशीन की विफलता जैसी कोई और वजह तो नहीं रही। इस हादसे ने रूस के सैन्य विमान बेड़े की सुरक्षा पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

# इंडोनेशिया के जकार्ता में सात मंजिला ऑफिस बिल्डिंग में लगी भीषण आग, 2० लोगों की मौत

**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में एक सात मंजिला ऑफिस इमारत में मंगलवार को आग लग गई, जिससे कई लोगों की मौत हो गई। तेज लपटों और घने धुएं ने इमारत को पूरी तरह घेर लिया, जिससे मध्य जकार्ता के एक मोहल्ले के आसपास दहशत फैल गई। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के केमायोरन इलाके में मंगलवार दोपहर एक सात मंजिला ऑफिस बिल्डिंग में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया।



इसमें कम से कम 2० लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आग पर काबू पा लिया गया है और इमारत के अंदर राहत व खोजबीन अभियान जारी है। इस जानकारी की पुष्टि सेंट्रल जकार्ता पुलिस प्रमुख सुसात्यो पुरनोमो कोंड्रो ने की। कोंड्रो के अनुसार आग दोपहर के समय इमारत की पहली मंजिल पर लगी और धीरे-धीरे ऊपर की मंजिलों तक फैल गई। जिस समय आग लगी, कई कर्मचारी लंच कर रहे थे, जबकि कुछ ऑफिस से बाहर जा चुके थे। जकार्ता डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी के प्रमुख इस्नावा अदजी ने बताया कि आग के कारणों की जांच जारी है और नुकसान के आकलन पर काम हो रहा है।

उनके मुताबिक आग कैसे लगी, यह अब भी जांच का विषय है। अधिकारियों ने आग बुझाने के लिए 28 फायर ट्रक और 1०1 कर्मियों को तैनात किया था। मृतकों और घायलों को पहचान और इलाज के लिए पूर्वी जकार्ता के क्रामत जाति पुलिस हॉस्पिटल ले जाया गया।

यह इमारत टेरा ड्रोन इंडोनेशिया का मुख्यालय है, जो खनन, कृषि समेत कई क्षेत्रों में ग्राहकों को हवाई सर्वे ड्रोन सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी है। अधिकारियों का कहना है कि राहत कार्य पूरा होने तक इमारत को पूरी तरह सील रखा जाएगा।

# बेलारूस के गुब्बारों से सुरक्षा जोखिम, हवाई क्षेत्र उल्लंघन पर कड़ा कदम

**लिथुआनिया।** लिथुआनिया ने बेलारूस से आने वाले मौसम संबंधी गुब्बारों द्वारा बार-बार एयरस्पेस उल्लंघन के बाद राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया। नाटो सदस्य देश ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए सेना को सीमा पर तैनात किया।



रूस समर्थित बेलारूस से लगातार आ रहे मौसम संबंधी गुब्बारों द्वारा एयरस्पेस उल्लंघन के बाद लिथुआनिया की सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया। पिछले कुछ हफ्तों में ये गुब्बारे देश के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को कई बार बंद करवाने की वजह बने, जिससे हजारों यात्री प्रभावित हुए। लिथुआनिया की प्रधानमंत्री इंगा रुगिनिएने ने कहा कि गुब्बारों के जरिए हो रहा यह व्यवधान एक हाइब्रिड अटैक है, जिसका उद्देश्य देश में अस्थिरता फैलाना है। प्रधानमंत्री रुगिनिएने ने कहा हमें सबसे कड़े कदम उठाने होंगे और उन क्षेत्रों की रक्षा करनी होगी जहां यह हमला सबसे ज्यादा असर डाल रहा है। कैबिनेट की इमरजेंसी बैठक के बाद यह घोषणा की गई। लिथुआनिया नाटो का सदस्य है और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन का मुखर समर्थक भी रहा है। लिथुआनिया के गृह मंत्री व्लादिस्लाव कोंड्रोटोविच ने बताया कि राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने के बाद सीमा सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। अब सीमा क्षेत्रों में सेना और पुलिस संयुक्त गश्त करेंगी, ताकि एयरस्पेस का उल्लंघन करने वाले गुब्बारों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर सेना स्वतंत्र रूप से भी ऑपरेशन चला सकेगी, जिससे इन गुब्बारों की पहचान, निगरानी और रोकथाम तेजी से हो पाएगी। मंत्री ने आश्वासन दिया कि इन कदमों का आम नागरिकों के दैनिक जीवन पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा और सभी उपाय केवल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हैं। अधिकारियों के अनुसार, ये गुब्बारे अक्सर सिगरेट की तस्करी में उपयोग होते हैं, लेकिन इस बार उनकी संख्या और उड़ान दिशा देखकर यह स्पष्ट है कि यह बेलारूस द्वारा योजनाबद्ध व्यवधान है। लिथुआनिया ने गुब्बारों पर आपराधिक जांच शुरू कर दी है और खुफिया एजेंसियां इनकी उत्पत्ति और बेलारूस सरकार से संभावित संबंधों की जांच कर रही हैं। कोंड्रोटोविच ने कहा बेलारूस इन गुब्बारों को भेजने वालों को रोकने की कोई कोशिश नहीं कर रहा। यह हाइब्रिड अटैक का प्रमाण है। गुब्बारों के एयरस्पेस में प्रवेश करने के बाद लिथुआनिया ने अक्तूबर में दो बॉर्डर क्रॉसिंग बंद कर दी थीं।

इसके जवाब में बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने लिथुआनिया के कदम को पागलपन करार दिया और उल्टा आरोप लगाया कि लिथुआनिया खुद तस्करी रोकने में विफल है। यूरोप पहले ही रूसी ड्रोन घुसपैठों से चिंतित है। नाटो और म्न् के देशों ने लिथुआनिया को समर्थन तो दिया है, लेकिन इन उच्च ऊंचाई वाले गुब्बारों को न्यूट्रलाइज करने का कोई समाधान अभी मौजूद नहीं। कोंड्रोटोविच ने स्वीकार किया 1० किलोमीटर ऊंचाई पर उड़ने वाले गुब्बारों को ड्रोन या किसी अन्य हथियार से गिराने की तकनीक किसी देश के पास नहीं है। सरकार के अनुसार, अक्तूबर से अब तक विल्नियस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 6० घंटे से अधिक समय तक बंद रहा, जिसकी वजह से 35० से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुईं और 51,००० से अधिक यात्रियों की यात्रा बाधित हुई।

## अवैध असलहा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में आज थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा दौराने देख रेख शान्ति व्यवस्था/चौकिंग एक अभियुक्त मुन्तियाज पुत्र शमसुल हसन निवासी कश्मीरी गेट अलवी कब्रिस्तान हुसैनी मस्जिद वाली गली थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद को ०1 अवैध तमंचा व ०1 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ लालपुर मण्डी के पास से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना रसूलपुर पर मु०अ०सं० 559/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।



# फरवरी में होंगे बांग्लादेश में आम चुनावय आयोग दो दिनों में जारी करेगा चुनावी शेड्यूल

**ढाका।** बांग्लादेश चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि अगले दो दिनों में आम चुनाव का शेड्यूल जारी किया जाएगा। फरवरी में 13वें आम चुनाव होंगे। बांग्लादेश चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा कि फरवरी में होने वाले 13वें आम चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अगले दो दिनों में चुनाव कार्यक्रम जारी किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन जल्द ही राष्ट्र को संबोधित कर औपचारिक घोषणा करेंगे। चुनाव आयुक्त अब्दुर रहमानेल मसूद ने बताया कि राष्ट्रपति मोहम्मद शाहाबुद्दीन से बैठक के बाद शेड्यूल को अंतिम रूप दिया जाएगा। यह बैठक बुधवार को राष्ट्रपति भवन बंगाभवन में होनी है। इस बार राजनीतिक समीकरण खासतौर पर




बदल गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बीएनपी मुख्य दावेदार के रूप में उभरी है। उसका मुकाबला जमात-ए-इस्लामी और अन्य दक्षिणपंथी सहयोगियों से है। सत्ता से बेदखल हुई शेख हसीना की अवामी लीग को प्रतिबंधित किया जा चुका है और उसके अधिकांश वरिष्ठ नेता जेल में हैं या फरार हैं। पिछले महीने एक विशेष ट्रिब्यूनल ने हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में मौत की सजा सुनाई थी। वे फिलहाल भारत में हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि सभी राजनीतिक दलों का सहयोग सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि देश में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराए जा सकें। बांग्लादेश में आने वाले चुनाव न केवल राजनीतिक रूप से अहम हैं, बल्कि देश के भविष्य की दिशा तय करने वाले माने जा रहे हैं। आयुक्त मसूद ने संकेत दिया कि प्रतिबंधित या निलंबित दलों के चुनाव चिह्न पोस्टल बैलेट में शामिल नहीं होंगे। माना जा रहा है कि इसका सीधा असर अवामी लीग पर पड़ेगा। इसी बीच, सिराजगंज-1 सीट पर बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प में 15 जमात समर्थक घायल हो गए। बीएनपी ने इसमें किसी भी भूमिका से इनकार किया है और स्थानीय लोगों को इसके लिए जिम्मेदार बताया है।

## हाई टेंशन बिजली के टूटे तार से चिपक कर अधेड की मौत



**अलीगढ़।** कोतवाली इगलास क्षेत्र के गांव बराई निवासी 65 वर्षीय सत्यप्रकाश पाराशर पुत्र जगदीश पाराशर 7 दिसंबर को खेत में टूटे हाई टेंशन तार से चिपक कर घायल हो गये थे। तब से उनका उपचार आगरा रोड स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। जब हालत में कोई सुधार नहीं आया तो परिजन उन्हे जेएन मेडीकल कॉलेज ले गये। लेकिन उपचार के दौरान उनकी मंगलवार की सुबह मौत हो गई पुलिस ने शव कब्जे लेने के बाद अंतिम परीक्षण कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक क्षेत्र में लॉजिस्टिक पार्क के लिए भूमि अर्जन प्रक्रिया तेज

**अलीगढ।** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की टप्पल-बाजना अर्बन सेंटर महायोजना के अंतर्गत प्रस्तावित लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना के लिए भूमि अर्जन प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि ग्राम स्यारौल (रकबा 55.6398 हे.) और डोरपुरी (रकबा 11०.०334 हे.) की भूमि का अर्जन प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकार अधिनियम 2०13 एवं उत्तर प्रदेश नियमावली 2०16 के नियम 7(3) के अंतर्गत सामाजिक समाघात आंकलन एजेंसी द्वारा तैयार ड्राफ्ट रिपोर्ट पर जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। जनसुनवाई कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि ग्राम स्यारौल, तहसील खैर में 29 दिसंबर को 11 बजे पंचायत भवन स्यारौल में उपजिलाधिकारी खैर और ग्राम डोरपुरी में 3० दिसंबर को 11 बजे उपजिलाधिकारी खैर जनसुनवाई करेंगे।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि एसआईए की प्रारूप रिपोर्ट का अवलोकन कलेक्ट्रेट अलीगढ़ स्थित कक्ष संख्या-26 में किया जा सकता है। प्रस्तावित भूमि के हितबद्ध कृषकों से अपील की गई है कि वे रिपोर्ट से संबंधित अपनी आपत्तियाँ या सुझाव लिखित रूप में प्रस्तुत करें और निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर आयोजित लोक सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि समग्र प्रक्रिया पारदर्शी, न्यायसंगत और सभी पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए पूरी की जाए। प्रधानमंत्री कुसुम योजना (वर्ष 2०25-26) के तहत जिले के किसानों को 6० प्रतिशत अनुदान पर सोलर पम्प उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उप कृषि निदेशक चौधरी अरुण कुमार ने बताया कि योजना के अंतर्गत इच्छुक किसान 15 दिसम्बर, 2०25 तक विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

# चेक गणराज्य में फिर सत्ता में आए अरबपति आंद्रेज बाबिस, नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली

**प्राग।** चेक गणराज्य के अरबपति पॉपुलिस्ट नेता आंद्रेज बाबिस ने दोबारा प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। एएनओ पार्टी के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार यूक्रेन सहायता और नीतियों पर बदलाव ला सकती है। चेक गणराज्य में राजनीति का बड़ा बदलाव हुआ है। अरबपति पॉपुलिस्ट नेता आंद्रेज बाबिस ने मंगलवार को देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। यह बाबिस की सत्ता में दूसरी पारी है, वे इससे पहले 2०17 से 2०21 तक भी प्रधानमंत्री रह चुके हैं। शपथ लेते समय बाबिस ने कहा कि वे देश के हितों की रक्षा दुनिया में कहीं भी करेंगे और चेक गणराज्य को धरती पर रहने के लिए सबसे बेहतर जगह बनाने के लिए पूरी कोशिश करेंगे। चेक राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने आम चुनावों में एएनओ मूवमेंट की बड़ी जीत के बाद आंद्रेज बाबिस को नई सरकार बनाने का आमंत्रण दिया। बाबिस ने दो छोटे राजनीतिक दलों एंटी-इमिग्रेशन रुख वाली फ्रीडम एंड डायरेक्ट डेमोक्रेसी पार्टी और दक्षिणपंथी मोटरिस्ट्स फॉर देमसेल्व्स के साथ मिलकर बहुमत गठबंधन तैयार किया है। यह गठबंधन संसद के निचले सदन में 2०० में से 1०8 सीटों के साथ मजबूत स्थिति में है। नयी सरकार में कुल 16 मंत्री शामिल होंगे।

# अमेरिका से दोस्ती का फायदा! पाकिस्तान को फिर मिला 11 हजार करोड़ का कर्ज

**अमेरिका।** जब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष आसिफ मुनीर को व्हाइट हाउस में बुलाकर खाना खिलाया है, पाकिस्तान की किस्मत खुल गई है। संभवत: यह डोनाल्ड ट्रंप की दोस्ती का ही असर है कि लगभग दिवालिया होने की कगार पर पहुंच चुके पाकिस्तान को इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) से एक बार फिर 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 1०,782 करोड़ रुपये) का कर्ज मिल गया है। इसके पहले भी आईएमएफ ने पाकिस्तान को मोटा कर्ज उपलब्ध कराया था जिससे पाकिस्तान को मदद मिल गई थी। इसके पहले पाकिस्तान को आईएमएफ से कर्ज मिलने के बाद भारत ने विरोध जताया था और पड़ोसी देश का इतिहास देखते हुए इस बात की आशंका जताई थी कि पाकिस्तान इसका उपयोग अपने यहां आतंकवाद को बढ़ाने में करेगा। आईएमएफ का कर्ज देने के पहले उसकी एक उच्च स्तरीय कमेटी इसका मूल्यांकन करती है। अपने पैमाने पर खरा उतरने के बाद ही किसी देश को आईएमएफ से कर्ज मिल पाता है। लेकिन माना यही जाता है कि आईएमएफ की कार्यप्रणाली पर अमेरिका का भारी प्रभाव रहता है और उसकी सहमति मिलने के बाद कर्ज मिलना आसान हो जाता है। पाकिस्तान के मामले में यही हुआ माना जा रहा है। आईएमएफ ने




सोमवार को पाकिस्तान के लिए यह फंड जारी करते हुए कहा है कि पाकिस्तान अपने देश में महंगाई को काबू करने में सफल रहा है। वह उन सुधारों की ओर कदम भी बढ़ा रहा है जिससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बेहतर किया जा सके। आईएमएफ ने इस बात पर संतोष जताया है कि पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में बाढ़ के बाद वहां महंगाई की दर बढ़ गई थी, इसके बाद भी पाकिस्तान अपने घाटे को एक सीमा में रखने में कामयाब हुआ है। पाकिस्तान को मदद की एक शर्त के तौर पर उसे अपने यहां आर्थिक सुधारों को लागू करना भी है। पाकिस्तान महत्त्वपूर्ण सेक्टर में निजीकरण को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को बेहतर करने के कदम उठा रहा है। आगामी 23 दिसंबर को पाकिस्तान अपनी एयरलाइंस को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर चुका है। इसके लिए चार कंपनियों को शॉर्टलिस्ट भी किया जा चुका है। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो पाकिस्तान एयरलाइंस जल्द ही निजी हाथों के द्वारा संचालित होगी। इससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है।

इसके पहले भी आईएमएफ ने पाकिस्तान को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई थी। अब तक उसे 3.3 बिलियन डॉलर का कर्ज मिल चुका है। एक योजना के अनुसार, उसे करीब सात बिलियन डॉलर की आर्थिक सहायता की जानी है। इससे पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति सुधरने की उम्मीद बन सकती है। इसके पहले आईएमएफ ने पाकिस्तान को करीब 2.1 बिलियन डॉलर की आर्थिक सहायता पहुंचाई थी। इस आर्थिक सहायता की बोर्ड मीटिंग का भारत ने बहिष्कार कर दिया था। भारत ने कहा था कि पाकिस्तान अपने आर्थिक संसाधनों का दुरुपयोग पड़ोसी देश में आतंकवाद फैलाने में करता रहा है। ऐसे में उसे यह आर्थिक सहायता नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि, आईएमएफने कहा था कि पाकिस्तान अपनी अर्थव्यवस्था में अपेक्षित सुधार कर रहा है और वह इसके लिए उपयुक्त कदम उठा रहा है। आर्थिक मामलों के जानकार डॉ. नागेंद्र कुमार शर्मा ने अमर उजाला से कहा कि आईएमएफ ने पाकिस्तान को यह मदद आपातकालीन समय में सेवा उपलब्ध कराने और जल संसाधन उपलब्ध कराने के लिए दिया है। आईएमएफ अपने द्वारा दिए गए फंड की मॉनीटरिंग भी करता है। लेकिन पाकिस्तान का इतिहास रहा है कि वह अपने यहां आतंकवादियों को आर्थिक और सैन्य संसाधन उपलब्ध कराता रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की इसी हरकत का परिणाम रहा है कि संयुक्त अरब अमीरात और सउदी अरब जैसे इस्लामिक देशों ने भी पाकिस्तान को आर्थिक मदद देने से मुंह मोड़ लिया था। लेकिन अब अमेरिका अपनी सैन्य और जियो ग्लोबल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान को अपने पाले में रखना चाहता है। इसलिए वह जानबूझकर पाकिस्तान को आर्थिक मदद पहुंचाकर उस पर पकड़ बनाए रखना चाहता है। भारतीय सैन्य बलों ने इशारा किया है कि ऑपरेशन सिंदूर होने के बाद भी पाकिस्तान के बॉर्डर से सटे इलाकों में आतंकी कैंप एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। पाकिस्तान इनका उपयोग भारत के विरुद्ध करता रहा है। नई आर्थिक सहायता मिलने से पाकिस्तान आतंकियों को आर्थिक सहायता पहुंचाने का सिलसिला फिर शुरू कर सकता है।

## युवक से शादी के नामपर ठगी, पहली दुल्हन जेवर लेकर भागी

**अलीगढ़।** थाना चंडौस के गांव टीकरी भवापुर निवासी हरिज्ञान सिंह ने बताया कि एक साल पहले गांव के ही एक दंपती और उनके साथी ने उससे शादी कराने की बात कही थी। इसके लिए वह तैयार हो गया। शादी के लिए 1.2० लाख रुपए में सौदा पक्का हुआ। रुपए जुटाने के लिए हरिज्ञान को मजबूर होकर अपनी एक बीघा जमीन 4.5० लाख में बेचनी पड़ी।

बिचौलियों ने नयाबास थाना अहमदगढ़, बुलंदशहर की रहने वाली एक महिला को लाकर टीकरी में ही उसकी भांवर डलवा दी। पहली रात सब सामान्य रहा, लेकिन सुबह चार बजे दुल्हन सोने के कुंडल और चांदी की पायजेब लेकर भाग निकली। ठगे गए हरिज्ञान ने जब बिचौलियों से बात की तो उन्होंने हाथ खड़े कर दिए।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होंगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022